डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों पर बोले अक्षय कुमार दर्शकों का नहीं, मेरा कसूर

वर्ष -08 अंक -302 | प्रयागराज ,सोमवार, 27, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### कर्ज में फंसे देशों को मिलेगी राहत जी 20 समूह में बनी सहमति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत की अगुवाई में होने वाली जी20 समूह के वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक में गरीब व कम आय वाले देशों को कर्ज से उबारने का फैसला किया गया।



वहीं वैश्विक स्तर के बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) के लोन देने के तरीके में भी सुधार को लेकर भी समूह राजी हो गया है। जी20 देशों के वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बंगलुरू में होने वाली तीन दिवसीय बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तीय व्यवस्था और क्रिप्टो को रेगुलेट करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जी20 देशों ने डिजिटल इंफ्रा पर भी चर्चा की और इस दिशा में भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली की भी सराहना की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि बैठक के लिए भारत ने जो भी एजेंडा बनाया था, सभी पर जी20 समूह के देशों ने पूरा समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि कर्ज में फंसे गरीब व विकासशील देशों को उबारने के लिए उन्हें कर्ज देने पर बैठक में सहमति बनी और इससे तत्काल रूप से घाना, श्रीलंका, जांबिया और इथोपिया को राहत मिलेगी। कर्ज देने के लिए वैश्विक बैंकों के साथ विकसित देशों सार्वजनिक बैंक व निजी बैंक भी आगे आएंगे। कोरोना एवं उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध की वजह से कई देश कर्ज में बुरी तरह फंस गए हैं, लेकिन उन्हें वैश्विक बैंकों से कर्ज मिलने में दिक्कत आ रही है। विभिन्न देशों के कर्ज में फंसने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के आसार गहराने लगे हैं। भारत पिछले एक साल से कर्ज में फंसे देशों को उबारने की वकालत विकसित देशों से कर रहा था।

## चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया डीआरडीओ अधिकारी, पाक जासूस को सूचना देने का है आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बालासोर (ओडिशा)।** डीआरडीओ अधिकारी को एक पाकिस्तानी महिला जासूस के साथ गुप्त रक्षा जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बालासोर एसपी सागरिका नाथा ने यह जानकारी दी है गिरफ्तार अधिकारी डीआरडीओ की पहचान बलराम डे के रूप में हुई है पुलिस के अनुसार, बालासोर पुलिस ने घटना की आगे की जांच के लिए बालासोर अदालत में पांच दिन की रिमांड के लिए अर्जी दी थी। लेकिन कोर्ट ने उन्हें चार दिन के रिमांड पर देने की अनुमति दे दी।



## डेनिश क्राउन प्रिंस और प्रिंसेस चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे भारत राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** डेनमार्क के क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक आंद्रे हेनरिक क्रिश्चियन और क्राउन प्रिंसेस, मैरी एलिजाबेथ सोमवार को भारतपहुंचे। वे यहां 26 फरवरी से 2 मार्च तक रहेंगे।



भारत और डेनमार्क के बीच मजबूत होंगे मैत्रीपूर्ण संबंध विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने ट्विटर हैंडल से डेनिश शाही जोड़े के आगमन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शाही जोड़े की इस यात्रा से भारत और डेनमार्क के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे।बागची ने ट्वीट किया, ठद रॉयल हाइनेस क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक और डेनमार्क की क्राउन प्रिंसेस मैरी 4 दिवसीय यात्रा के लिए भारत पहुंचे हैं। यह दो दशकों में डेनमार्क से पहली शाही यात्रा है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात विदेश मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान डेनमार्क के क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक आंद्रे हेनरिक क्रिश्चियन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ बैठक करेंगे। वह सीआईआई द्वारा आयोजित इंडिया-डेनमार्कः पार्टनर्स फॉर ग्रीन एंड सस्टेनेबल प्रोग्रेस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे।शाही जोड़ा आगरा और चेन्नई भी जाएगा और 2 मार्च को चेन्नई से प्रस्थान करेगा। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन, पर्यावरण मंत्री मैग्नस हुनिके, और जलवायु, ऊर्जा और उपयोगिता मंत्री के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और एक उच्च-स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल शाही जोड़े के साथ उनकी भारत यात्रा के दौरान जा रहा है। दो दशको में शाही परिवार की पहली भारत यात्रा डेनमार्क के शाही परिवार की ओर से दो दशकों में यह पहली यात्रा है। इससे पहले, क्राउन प्रिंस ने 2003 में भारत की यात्रा की थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महारानी मारग्रेट घ्घ् ने 2003 में क्राउन प्रिंसेस के रूप में भारत का दौरा किया था। ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा, भारत और डेनमार्क जीवंत और खुले लोकतंत्र के रूप में, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के सामान्य मूल्यों और महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मुद्दों पर विचारों के अभिसरण को साझा करते हैं। इस यात्रा से भारत और डेनमार्क के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने और बढ़ाने की उम्मीद है।

## भारत 4-5 साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगाः पीयूष गोयल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय उद्योग को उनकी उपलब्धियों, देश के मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और पिछले कई वर्षों में



किए गए सुधारों पर गर्व होना चाहिए। मंत्री का मानना है कि भारत चार से पांच साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने रविवार को पुणे में एशिया आर्थिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा, ठहम मानते हैं कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही करते रहेंगे। मंत्री ने कहा, ठभारत जिस तरह से बढ़ रहा है, उसके बारे में मेरा खुद का मानना है कि हम 2047 तक अपनी अर्थव्यवस्था को शायद 35-40 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएंगे। हर भारतीय की इच्छा किसी से पीछे नहीं रहने की है। गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष का विकासशील देशों की तुलना में विकसित देशों पर अधिक गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा और मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और विकास पर इसके परिणामी प्रभाव का विकसित और विकासशील दोनों देशों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है।चीन से आयात पर वाणिज्य मंत्री ने कहा कि वर्षों से सरकार ने लोगों को चीन से कम कीमत वाले घटिया सामान की आदत डालकर भारत के हितों को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा, ठचीन के साथ व्यापार घाटा, जो लगभग 15-16 साल पहले 2 बिलियन डॉलर से कम था, 2014 तक बढ़कर लगभग 48 बिलियन डॉलर हो गया। हमने चीन से उत्पादों को आने दिया, जबकि उन्होंने भारत से हमारे उत्पादों को चीन जाने से रोक दिया।मंत्री ने कहा कि भारत अब एक भागीदार है, जिस पर दुनिया भरोसा कर सकती है। उन्होंने कहा, ठकोविड -19 संकट को एक अवसर में परिवर्तित करके हम भारत के प्रति दुनिया की आंखें खोलने में सक्षम रहे। हमने 2021-22 में अब तक का सबसे अधिक निर्यात किया है।

## पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड में थमा चुनाव प्रचार, 27 फरवरी को होगा मतदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोहिमा।** पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शनिवार को समाप्त हो गया। राज्य विधानसभा के 60 सीटों में से 59 सीटों पर चार महिलाओं और 19 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 183 उम्मीदवार अपने भाग्य आजमाने के लिए मैदान में खड़े हैं। विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 13 लाख से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान 27 फरवरी को सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना दो मार्च को होगी। मालूम हो कि जुन्हेबोटो जिले की अकुलुतो सीट पर भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा विधायक काझेतो किनिमी ने निर्विरोध जीत हासिल की है।

## मेघालय चुनाव से पहले वेस्ट गारो हिल्स में सड़क हादसा, कई मतदान अधिकारी हुए घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मेघालय।** मेघालय में कल विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है, लेकिन उससे पहले वेस्ट गारो हिल्स में एक सड़क हादसा सामने आया है। वेस्ट गारो हिल्स में मतदान अधिकारी सड़क हादसे में घायल हो गए है। कई अधिकारी हुए हादसे में घायल एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पश्चिम गारो हिल्स में कुछ मतदान अधिकारी फोटोमाटी जा रहे थे, तभी इस दौरान शनिवार को एक दुर्घटना में वह घायल हो गए। बता दें कि इसमें से एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। रक्समग्रे विधानसभा क्षेत्र जा रही थी पोलिंग पार्टी जानकारी के अनुसार, मतदान अधिकारी मेघालय के रक्समग्रे विधानसभा क्षेत्र में स्थित 44/8 जांगरापारा एलपी स्कूल जाने के लिए रवाना हुए थे। तभी पोलिंग पार्टी की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वाहन सड़क पर पलट गया, जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई। अस्पताल में चल रहा घायलों का इलाज जिला चुनाव कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि घायल अधिकारियों को तुरंत ही पास के एक अस्पताल तिकरिकिला सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से दो मतदान अधिकारियों को गोलपारा में एक उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा अन्य सभी घायलों का अस्पताल में ही इलाज चल रहा है।बता दें कि मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 12 जिलों की 60 विधानसभा सीटों में से 59 पर मतदान होगा। 59 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3,419 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा चुनाव में 36 महिलाओं समेत कुल 369 उम्मीदवार मैदान में हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में 32 महिलाओं सहित 329 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था।




## संत सेवालाल महाराज की 284वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे अमित शाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बंजारा समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेवालाल महाराज की 284वीं जयंती 15 फरवरी को धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 फरवरी को उपदेशक की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बता दें कि दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। उपदेशक की जयंती के अवसर पर आयोजित ये कार्यक्रम दिल्ली के जनपथ रोड के डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया है। 26 फरवरी से दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस आयोजन के लिए कर्नाटक से एक विशेष ट्रेन रवाना हुई है, जिसमें कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बंजारा समुदाय के ढाई हजार से अधिक सदस्य दिल्ली पहुंच रहे हैं। बता दें कि संत सेवालाल महाराज का जन्म 15 फरवरी, 1739 ई. को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के सुरगोंदानकोप्पा में हुआ था। उन्हें बंजारा समाज का समाज सुधारक और आध्यात्मिक गुरु माना जाता है। देश भर में बंजारा समुदाय की आबादी लगभग 10 से 12 करोड़ माना जाता है कि देश भर में बंजारा समुदाय की आबादी लगभग 10 से 12 करोड़ है। हाल ही में जलगांव जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा महाराष्ट्र में बंजारा समुदाय के कुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी हिस्सा लिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि इस समुदाय के लोगों ने अपने तरीके से राष्ट्रीय विकास में योगदान किया है।पीएम मोदी ने कहा था कि 'यह क्षेत्र और बंजारा समाज मेरे लिए नया नहीं है, क्योंकि हमारे बंजारा समुदाय के राजस्थान से लेकर पश्चिमी भारत तक के भाई-बहन अपने-अपने तरीके से देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। मुझे याद है कि 1994 के विधानसभा चुनाव के दौरान मुझे इस क्षेत्र में एक रैली के लिए बुलाया गया था। मैं उस पल को कभी नहीं भूल सकता जब मैंने उस रैली में अपने लाखों बंजारा भाइयों और बहनों को देखा था। लाखों पारंपरिक वेशभूषा में बंजारा माताएं और बहनें मुझे आशीर्वाद देने आई थीं।



## जस्टिस हिमा कोहली बोलीं- पारिवारिक बाल यौन शोषण नाबालिग के भरोसे का निंदनीय उल्लंघन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित समारोह में 'चिल्ड्रन फर्स्ट' पत्रिका के तीसरे अंक के विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश हिमा कोहली ने शनिवार को कहा कि परिवार के भीतर बाल यौन शोषण बच्चे के भरोसे का निंदनीय उल्लंघन है और पारिवारिक बंधन का ''अक्षम्य विश्वासघात'' है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि दुर्व्यवहार के इस रूप का पीड़ित पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ता है और दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि कई बार पारिवारिक सम्मान के नाम पर ऐसी घटनाओं को दबा दिया जाता है और रिपोर्ट नहीं की जाती है। न्यायमूर्ति कोहली ने कोविड-19 महामारी के कारण बच्चों की दुर्दशा के बारे में भी बात की और कैसे शीर्ष अदालत और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने नाबालिगों के हितों की रक्षा के लिए कई निर्देश जारी किए थे। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेहतरी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करने के लिए सभी हितधारकों को हाथ मिलाना अनिवार्य है। जस्टिस कोहली ने कहा कि 'इंट्रा-फैमिलियल चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' एक संवेदनशील विषय है जो अक्सर टैबू और चुप्पी में डूबा रहता है। न्यायाधीश ने कहा, यह स्वीकार करना अनिवार्य है कि पारिवारिक बाल यौन शोषण के पीड़ित हमारे पूर्ण समर्थन और समझ के पात्र हैं। दुर्व्यवहार का यह रूप बच्चे के विश्वास का एक निंदनीय उल्लंघन है और पारिवारिक बंधन का अक्षम्य विश्वासघात है।ठउन्होंने कहा कि अंतर-पारिवारिक बाल यौन शोषण को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक समन्वित और व्यापक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, इसके लिए जागरूकता बढ़ाने, यौन शिक्षा में सुधार, रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने, सहायक सेवाएं प्रदान करने, कानूनों और नीतियों को मजबूत करने, समुदायों के साथ जुड़ने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता है।ठ उन्होंने कहा कि महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान, सुप्रीम कोर्ट और कई उच्च न्यायालयों ने बच्चों के हितों की रक्षा के लिए कई निर्देश जारी किए थे। जज ने कहा कि कोविड-19 से प्रभावित बच्चों की जरूरतों को लगातार समर्थन और निगरानी जारी रखने और भविष्य में इस तरह के प्रभाव को कम करने वाले उपाय करने पर जोर दिया जाना चाहिए। कोविड महामारी उम्मीद के साथ हमारे पीछे है, लेकिन हम में से कई अभी भी इसके परिणाम से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हम प्रभावित बच्चों के जीवन को रोक कर नहीं रख सकते।



## पुलवामा जैसे हमले की थी एक और साजिश, सुरक्षा बलों ने किया था नाकाम चिनार कार्प्स के पूर्व प्रमुख का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पुलवामा हमले जैसे एक और हमले का प्रयास किया गया था, लेकिन सुरक्षा बलों ने आतंकियों के नापाक मंसूबे को नाकाम कर दिया। चिनार कार्प्स के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों (सेवानिवृत्त) ने अपनी किताब 'कितने गाजी आए, कितने गाजी गए' में यह दावा किया है। ढिल्लों ने दावा किया, 'बहुत से लोग नहीं जानते कि पुलवामा जैसे एक और आत्मघाती हमले की साजिश रची गई थी, हालांकि जब खुफिया एजेंसियों को जैश आतंकियों के इस माड्यूल के बारे में जानकारी मिली तो सेना और सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने आतंकियों को मार गिराकर उनके नापाक मंसूबे को नाकाम कर दिया।' 24 फरवरी 2019 की रात बनाई गई योजना स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) इकाई के साथ आतंकियों के बारे में इनपुट साझा करने और आपरेशन का नेतृत्व करने का श्रेय लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों जम्मू-कश्मीर पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक अमन कुमार ठाकुर को देते हैं। ढिल्लों का कहना है कि सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने 24 फरवरी 2019 की रात संयुक्त अभियान की योजना बनाई।ढिल्लों का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान सेना के जवान बलदेव राम आतंकियों की गोलियों से घायल हो गए। अमन ठाकुर ने घायल सैनिक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, लेकिन आतंकियों ने छिपकर गोली चलाई जिससे वे घायल हो गए। साहस और फौलादी दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए अमन कुमार ठाकुर ने आतंकी को घेर लिया। गोलीबारी में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी पाकिस्तान निवासी नोमान मारा गया। ढिल्लों ने 34 आरआर के नायब सूबेदार सोमबीर की वीरता का भी उल्लेख किया, जिन्होंने एक पाकिस्तानी आतंकी ओसामा को मार गिराया और गोलीबारी में देश के लिए बलिदान दिया। डीएसपी ठाकुर और नायब सूबेदार सोमबीर दोनों को अदम्य साहस और वीरता के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। 14 फरवरी 2019 को हुआ था पुलवामा हमला बता दें कि पुलवामा हमला 14 फरवरी 2019 को हुआ था जब एक आत्मघाती हमलावर ने अपने वाहन को सीआरपीएफ के काफिले की बस से टकरा दिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवानों को वीरगति प्राप्त हुई थी।



## बेखौफ बदमाश दुकान में खड़े उमेश पाल के आने का कर रहे थे इंतजार, 44 सेकंड्स में हत्या कर हुए फरार; सीसीटीवी से हुई पहचान





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेशपाल और उसके गनर की शुक्रवार शाम बदमाशों ने गोली और बम मारकर हत्या कर दी थी। सीसीटीवी की जांच के बाद हत्यारों की पहचान हुई। वारदात को सिर्फ 44 सेकेंड में अंजाम दिया गया। बेखौफ अपराधियों में से एक बदमाश पहले दुकान में बैठ कर उमेश पाल का इंतजार कर रहा था। उमेश पाल के गाड़ी से उतरते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरु कर दी। हत्यारों ने हत्या और बच के निकलने का प्लान बनाया हुआ था। उमेश पाल पर हमला करने के लिए बाइक और कार के साथ-साथ बदमाश पैदल भी आए थे। इस चौतरफा हमले में उमेश समेत उसके गनर की मौत हो गई। जबकि दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। हमलावर कोर्ट से ही उनका पीछा कर रहे थे। इसी बीच पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि हत्यारों की धरपकड़ के लिए जगह जगह दबिश दी जा रही है। हर संदिग्ध से पूछताछ की जा रही। उन्होंने कहा की अपराथियों का वो हश्र होगा की आगे वो हर एक के लिए उदाहरण साबित होगा।

## हथियार लहराते दो युवकों का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** शहर में दो युवाओं के खुले में सिगरेट का कश लगाते और हथियार लहराने का वीडियो सामने आया है जिसमें दिखाई दे रहा है कि युवक हुडी पहनकर हाफ स्टैंड पर लगी बाइक के पास खड़ा है दाहिने हाथ में पिस्टल ले रखी है। फिलहाल नैनी पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद दोनों की तलाश शुरू कर दी है।खुलेआम नशा करने और हथियार दिखाकर लोगों पर धौंस दिखाने वाले 10 से 15 गिरोह का नैनी के कसाई मोहल्ले का है। न तो इन्हें पुलिस का कोई डर है और न ही समाज का। वाट्सएप स्टेटस दल के ये सदस्य हैं और खुलेआम रंगबाज़ी दिखाते हैं। यह रंगबाज लड़के मोहल्ले में आने जाने वाली लड़कियों को सरेराह छेड़ते हैं।



## थाना फाफामऊ पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-535/2019 धारा 419/420/406/506 भादवि थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज में वाँछित अभियुक्त अशोक कुमार मिश्र पुत्र स्व0 अध्या प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम चारो थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर को आज दिनांक 23.02.2023 को मुखबिर की सूचना पर टाटा मोटर्स रंगपुरा थाना क्षेत्र फाफामऊ के समीप गिरफ्तार किया गया। मु0अ0सं0 535/2019 थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज की विवेचना उ0नि0 विश्वेन्द्र कुमार यादव थाना फाफामऊ प्रयागराज द्वारा संपादित की जा रही हैं । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** अशोक कुमार मिश्र पुत्र स्व0 अध्या प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम चारो थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 47 वर्ष **पंजीकृत अभियोग का विवण-** मु0अ0सं0-535/19 धारा 419/420/406/506 भादवि थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 विश्वेन्द्र कुमार यादव थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज 2. हे0का0 सूर्य नारायण कुशवाहा थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज 3. का0 शैलेष कुमार थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज।




## सांस की नली से प्लास्टिक का टुकड़ा निकाल कर बच्चे की जान बचाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ ।** रुद्रांश एक 8 साल का बच्चा उखड़ती सास के साथ वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल में 19/02/2023 में रात के 2 बजे आया जो गोरखपुर के कई हॉस्पिटल से रेफर कर दिया गया था। परिवार



के अनुसार बच्चे ने प्लास्टिक का टुकड़ा निगल लिया था, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी, वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ ई.एन.टी सर्जन डॉ. फिरोज अहमद ने बच्चे को तत्काल ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट करवा के बच्चे का ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से सास की नली से प्लास्टिक का टुकड़ा निकाल कर बच्चे की जान बचाई। आज 21/02/2023 को बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है। परिवार ने अस्पताल और डॉक्टर का आभार व्यक्त किया। वेलसन मेडिसिटी 200 बेड वाला एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है जो की वृन्दावन योजना में 8/बी -5 शहीद पथ पर स्तिथ हैं। वेलसन मेडिसिटि समस्त चिकित्सिय सेवाओं से युक्त हैं और मरीजों का इलाज अत्यंत ही कम दरों पर कर रहा है। उपरोक्त जानकारी आशुतोष सोती, निदेशक (पी. आर. ) वेलसन मेडिसिटी ने।

## हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का सपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह एवं नवनिर्वाचित महासचिव नितिन शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव सहित सभी अन्य पदाधिकारियों को एल्डर कमेटी के द्वारा शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस श्री सुनीत कुमार ने अध्यक्ष एवं मंत्री सहित समस्त नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में एडवोकेट विनय सिंह और कृष्णा ठाकुर एवं। उच्च न्यायालय के सभी गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## ममता चैरिटेबल ट्रस्ट जनता को निरोग करने के लिए आज एक भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ ।** ममता का पर्याय और नर सेवा नारायण सेवा को अपना उद्देश्य मानकर दिन रात असहायों




और गरीबों की सेवा करने वाली ममता चैरिटेबल ट्रस्ट जनता को निरोग करने के लिए आज एक भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन करहेटा में किया जिसका शुभारंभ श्री स्वतंत्रदेव सिंह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व विधायक श्री सुरेश तिवारी एवं श्री राजीव मिश्रा मुख्य ट्रस्टी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के कर कमलों द्वारा किया गया त् सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया त् कार्यक्रम में पधारे सभी मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया गयात् स्वास्थ्य मेले में 2465 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया त् मेले में केजीएमसी, पीजीआई एवं बलरामपुर के विख्यात चिकित्सकों द्वारा जनता का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें 15 दिन की निःशुल्क औषधि वितरित की गई त् स्वास्थ्य मेले में स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु एक संगोष्ठी की जिसमे महिलाओं में गर्भाशय में होने वाले कैंसर,ब्रेस्ट कैंसर से बचाव और उपचार, महिलाओं में 5 साल में एक बार जांच आदि को जरूरी बताया स्वास्थ्य मेले में सर्जरी विभाग के डॉक्टर, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ आदि ने जनता का स्वास्थ्य परीक्षण किया त् मेले में 10 विकलांगों को ट्राई साइकिल,10 बैसाखी एवं महिलाओं को 855 किट,655 टूथपेस्ट एवं ब्रश वितरित की गई एवं 700 लोगों की जांच की गई त् कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक गणेश कनौजिया, मुख्य संरक्षक श्री विपिन मिश्रा,उमाशंकर गौरव पांडे, अंकित, शिवम तुषार मुख्य रूप से उपस्थित रहे यह जानकारी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी देवाशीष देव द्वारा दी गई।

## आँगन तुम्हारे घर का माँ की गोद जैसा है भाइयों भूलकर भी आँगन में दीवार मत करना

**(आधुनिक समाचार सेवा**
**प्रतापगढ़।** पौराणिक गाँव हन्डौर में बाबा मद्दी शहीद की दरगाह पर भारत-भारतीय ने एक मुशायरे का आयोजन किया जिसमें शायरों ने अपने गीत' ग़ज़लों एवं नज्मों से



प्रेम,एकता और भाईचारे का पैगाम दिया। मोहम्मद अमीन कल्लू के संयोजन में हुए इस मुशायरे का आगाज ग्राम प्रधान नीतेश सिंह बीरू ने बाबा मद्दी शहीद की मजार पर गुलपोशी करके किया।इसके बाद दिलशाद राही की नात से मुशायरे की शुरुआत हुई। जाहिद अंसारी ने अपनी गजलों से प्रेम,भाईचारे का संदेश दिया तो अतीक प्रतापगढ़ी की माँ पर पढी गई नज्म लोगों ने खूब सराहा। दिलशाद राही की गजलों को भी लोगों ने दाद दी तो निजामत कर रहे आलिम समर की नज्में भी दिल से सुनी गईं। डॉ0रणजीत सिंह ने जहाँ इन पंक्तियों से कौमी एकता का संदेश दिया-पड़ोसी के दिये से हम अपने दिये जलाते हैं,हमारी राह में मजहब,धर्म आडे न आते हैं,गाँव में अपने मैयत होती है हिंदू या मुसलमान की,जनाजे को बारी-बारी से हम काँधा लगाते हैं। तो वहीं उन्होंने भाई पर कविता पढ़कर लोगों को सोचने को मजबूर कर दिया।उनकी भाई पर पढी कविता की ये पंक्तियां-भाई की रार को ड्योढी से पार मत करना,दखलंदाजी दूजे की तुम स्वीकार मत करना,आँगन तुम्हारे घर का माँ की गोद जैसा है, भाइयों भूलकर भी आँगन में दीवार मत करना।उन्हें श्रोताओं ने मालाओं से लाद दिया इस अवसर पर भारत-भारतीय ने गहरी निवासी समाजसेवी विष्णु प्रताप सिंह का सारस्वत सम्मान किया।मुशायरे के मुख्य अतिथि पूर्व प्रवक्ता शिव प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कवि और शायर देश और समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।ऐसे आयोजन समाज को बहुत कुछ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।मुशायरे में अभय प्रताप सिंह मुन्ना,मोहम्मद कमाल,इश्तिखार अहमद छोटे,अंसार अहमद, बाबूलाल कोरी,संजय सिंह,राकेश सिंह,भारत-भारतीय के कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदनवाल,शिवम सिंह,आँसू सिंह,हर्ष सिंह,महमूद आलम,सलमान,नन्हे भाई,सन्दीप दुबे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में जख्मी पूर्व सैनिक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** सुबह टहलने निकले पूर्व सैनिक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। पूर्व सैनिक 68 वर्षीय सच्चिदानंद पाठक औद्योगिक क्षेत्र के एक गांव में रहते थे। 20 फरवरी की सुबह वह टहलने निकले थे इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पूर्व सैनिक को टक्कर मार दी। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी सांसे थम गई। सूचना मिलने पर कीडगंज पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## एस0ओ0जी0 में 3 वर्ष का समय पूरा कर चुके पुलिस कर्मियों को दी गयी नयी जिम्मेदारी पुलिस कमिश्नर ने जारी किया आदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में तीन साल पूरा कर चुके पुलिसकर्मियों को नया प्रभार दिया गया है। वहीं खाली हुए पदों को भी भरने का आदेश जारी हो चुका है। इसके साथ ही अब एसओजी को नया प्रभारी भी मिल गया है। एस0ओ0जी0 गंगानगर व यमुनानगर जोन में प्रभारी की नियुक्ति हुई है। पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण का विवरण निम्न प्रकार से हुआ हैः 1. निरीक्षक विनोद कुमार यादव- अपराध शाखा से प्रभारी एसओजी 2. उपनिरीक्षक रणजीत सिंह-साइबर सेल से प्रभारी एसओजी यमुनानगर जोन 3. उपनिरीक्षक शिवान्शु कुमार पाण्डेय-रिट सेल से प्रभारी एसओजी गंगानगर जोन एस0ओ0जी0 व विशेष टीम अपराध शाखा से स्थानान्तरित पुलिस कर्मियों का विवरण- 1. मु0आ0 नितेश मिश्रा- एसओजी पश्चिम नगर से गंगानगर जोन 2. मु0आ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह- एसओजी उत्तरी नगर से गंगानगर जोन 3. मु0आ0 अमित कुमार राय- एसओजी यमुनानगर से गंगानगर जोन 4. मु0आ0 मनोज कुमार सिंह- एसओजी नगर से गंगानगर जोन 5. मु0आ0 रमेश पटेल- एसओजी नगर उत्तरी से गंगानगर जोन 6. मु0आ0 धर्मेन्द्र कुमार - एसओजी यमुनानगर से नगर जोन



7. मु0आ0 स्वतंत्र यादव - एसओजी यमुनानगर से नगर जोन 8. मु0आ0 अनिल सिंह - एसओजी यमुनानगर से नगर जोन 9. मु0आ0 राजीव तिवारी- विशेष टीम अपराध शाखा से नगर जोन 10. मु0आ0 विक्रम सिंह - एसओजी यमुनानगर से नगर जोन 11. मु0आ0 संतोष कुमार - विशेष टीम अपराध शाखा से नगर जोन 12. मु0आ0 विजय कुमार श्रीवास्तव - एसओजी पूर्वी नगर से यमुनानगर जोन 13. मु0आ0 विनोद कुमार दुबे - एसओजी गंगानगर से यमुनानगर जोन 14. मु0आ0 रविदेव सिंह यादव - एसओजी गंगानगर से यमुनानगर जोन 15. मु0आ0 पुष्पेन्द्र सिंह - एसओजी नगर से यमुनानगर जोन 16. मु0आ0 मनोज कुमार सिंह - विशेष टीम अपराध शाखा से यमुनानगर जोन 17. मु0आ0 अमरेन्द्र सिंह - एसओजी नगर पश्चिमी से पुलिस लाइन्स 18. आरक्षी अंकित कुमार मिश्रा एसओजी नगर पूर्वी से पुलिस लाइन्स 19. आरक्षी अतुल त्रिवेदी एसओजी यमुनानगर से पुलिस लाइन्स 20.आरक्षी अनुराग यादव -विशेष टीम अपराध शाखा से यमुनानगर जोन 21. आरक्षी अवनीश शर्मा- विशेष टीम अपराध शाखा से नगर जोन 22. आरक्षी अंगद गिरि- एसओजी यमुनानगर से गंगानगर जोन एस0ओ0जी0 नगर/गंगानगर/यमुनानगर जोन में नियुक्त किये गये नये पुलिस कर्मियों का विवरण- 1. मु0आ0 मनीष सिंह- आईजीआरएस सेल से एसओजी यमुनानगर जोन 2. मु0आ0 बृजेन्द्र सिंह- कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकाल से एसओजी नगर जोन 3. मु0आ0 विपिन सिंह- पुलिस लाइन्स से एसओजी नगर जोन 4. मु0आ0 आनन्द बहादुर सिंह- पुलिस लाइन्स से एसओजी गंगानगर जोन ।



# रामेश्वर में प्राचीन हनुमान का किया गया भव्य वार्षिक श्रृंगार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हरहुआ /वाराणसी।** रामेश्वर पंचकोशी मार्ग के तीसरे तीर्थ पड़ाव स्थल रामेश्वर स्थित राधा कृष्ण मंदिर के प्राचीन हनुमान जी का बुधवार को भव्य वार्षिक श्रृंगार किया गया। श्रृंगार अवसर पर महंत राममूर्ति दास उर्फ मद्रासी बाबा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं द्वारा ध्वज यात्रा निकाली गयी।ध्वज यात्रा में जय-जयकार से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। प्राचीन हनुमान जी के श्रृंगार पर भजन-कीर्तन व सुन्दर पाठ का आयोजन किया गया। श्रृंगार अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच महंत राममूर्ति दास उर्फ मद्रासी बाबा ने कहा कि हनुमान जी जैसा परोपकारी दूसरा कोई नहीं हुआ।भगवान राम ने अपने मुख से स्वयं हनुमान जी की प्रशंसा की थी ।ठराम व हनुमानठ स्मरण करने से हर प्रकार के दुःख दूर होते हैं व सर्वत्र मंगल की प्राप्ति होती है। श्रृंगार अवसर पर मन्दिर को आकर्षण ढंग से झालरों व माला फूल से सजाया गया था।मन्दिर परिसर में रात्रि भजन-कीर्तन व सुन्दरपाठ का दौर चलता रहा।सायं काल बाबा दरबार में भक्तों को प्रसाद के लिये भण्डारे का आयोजन किया गया। भक्त कतारवद्ध होकर दर्शन पूजन कर परिवार के सुख,समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर रामजी तिवारी, रविशंकर पाण्डेय, जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव,बबलू पांडेय, मनीष कुमार पाण्डेय,धर्मेंद्र , शिवशंकर सिंह, विकास कुमार गौड़ , ललित नारायण पांडेय, जितेंद्र मौर्य ,त्रिभुवन मौर्य,साधु पांडेय, पप्पू गोंड,संजय गुप्ता , राहुल गोड, लालू,अभिषेक,अमित सहित नव युवा समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# सपा विधायक विजमा यादव को 22 साल पुराने मामले में कोर्ट ने सुनाई डेढ़ साल की सजा, बची विधायिकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**समाजवादी पार्टी से चार बार की महिला विधायक विजमा यादव को हिंसा, आगजनी के 22 साल पुराने मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने एक लाख के जुर्माने के साथ डेढ़ साल की सजा सुनाई है। सपा विधायक विजमाज्यादव पर 21 सितम्बर 2001 को तकरीबन 15 समर्थकों के साथ सरायइनायत थाना क्षेत्र पर पुलिस पर पथराव, हिंसा, सड़क जाम करने जैसे कई आरोपों को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया था। ये सभी एक हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस प्रदर्शन में हुई हिंसा



में कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई थीं। कोर्ट के दोनों पक्षों को सुनने के बाद आज विजमा यादव को दोषी करार देकर, सजा का ऐलान किया।

# एयू में 3 दिन नहीं चलेंगे वाहन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कैंपस को 3 दिन वाहन मुक्त रखने का निर्णय लिया है। यानी सप्ताह में 3 दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को परिसर में दो पहिया व चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने बताया कि विश्वविद्यालय पर्यावरण अनुकूल परिसर की ओर बढ़ रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभी डीन और विभागाध्यक्ष की बैठक नार्थ हॉल में आयोजित की गयी बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में कार्बन फुटप्रिंट काम करने और कैंपस में पेट्रोल और डीजल के धुएं के उत्सर्जन को कम करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। सभी फैकल्टी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सप्ताह में 3 दिन, सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, को परिसर में 2 पहिए और चार पहिया वाहन का प्रयोग नही करेंगे।



# प्रकाशनार्थ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अमृतकाल का प्रथम बजट सराहनीय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** परंतु धरातल पर अक्षरशः उतारने की चुनौती क्षराजीवकृष्ण श्रीवास्तव



प्रयागराज, प्रयागराज जिला एवं महानगर उद्योग व्यापार मंडल के ङसंरक्षक एवं अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव एवम् वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश बजट पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए इसे अमृत काल का प्रथम बजट करार दिया, साथ ही इसे अक्षरशः लागू कराने को चुनौती बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अधिकाधिक उद्यमों की स्थापना हेतु अनुकूल वातावरण का सृजन किया गया है एम0एस0एम0ई0 अधिनियम 2020 के माध्यम से इकाइयों को 1000 दिवस तक किसी भी विभाग से निरीक्षण से छूट प्रदान की गई है इसी प्रकार निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उधम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति/लाइसेंस/अनुमति आदि को प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन करने की व्यवस्था की गई है जिसमें उधमी समयबद्ध रूप से सुकृतिया आदि प्राप्त कर रहा है, सरकार के इन प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 24 नवंबर 2023 तक 03 लाख 95 हजार से अधिक उधम पंजीकृत हुए, जिसमें 25 लाख 64 हजार से अधिक रोजगार का सृजन हुआ साथ ही सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में इंस्पेक्टर राज को रोकने का किसी हद तक सफलतम प्रयास है। वही अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के वरिष्ठ व्यापारी नेता राजीवकृष्ण श्रीवास्तव बंटी भैया ने बताया कि

क्ष् प्रदेश सरकार द्वारा घोषित नवीन एम0एस0एम0ई0नीति-2022 में रोजगार सृजन में 15ज्ञ् वार्षिक वृद्धि प्रस्तावित है इस नीति वेञ अंतर्गत एम0एस0एम0ई0इकाइयों को प्रथम बार 4 करोड़ रुपया तक उत्पादन उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है उक्त नीति के अंतर्गत उद्यमियों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराया जाएगा जिससे प्रदेश में पूंजी निवेश के साथ ही अधिकाधिक रोजगार सृजन हो सकेगा, परंतु सभी योजनाओं को धरातल पर पूरी तरह लागू की चुनौती को स्वीकारना होगा। ज़िलाध्यक्षअनुप वर्मा एवम् महिला जिलाध्यक्ष जूही जयसवाल ने बताया कि खुशी की बात है की अयोध्या एवं चित्रकूट की तर्ज़ पर जनपद प्रयागराज में भजन संध्या स्थल के स्थापना का प्रस्ताव है भजन संध्या स्थल की स्थापना हो जाने से तीर्थ क्षेत्र प्रयागराज में श्रद्धालूओ आनंद और बहुत सी सुविधाएं प्राप्त होगी, इसके साथ सांस्कृतिक विकास का कार्य हो सकेगा तथा पर्यटन क्षेत्र के रूप में भी प्रयागराज का चौतरफा विकास की संभावना बढ़ी है जिससे प्रयागराज में व्यापार बढ़ने की भी पूरी संभावना होगी।

# माफिया व पूर्व विधायक विजय मिश्र के करीबी हनुमान पाण्डेय का ३.२५ करोड़ रुपए का आलीशान मकान कुर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** गैंगलीडर विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य हनुमान सेवक पाण्डेय द्वारा अपराध से अर्जित धन से प्रयागराज के झलवा में बनाई गई करोड़ों रुपए की तीन मंजिला ईमारत को गैंगस्टर एक्ट के तहत गुरुवार को कुर्क किया गया। कुर्की की कार्यवाही डीएम के आदेश से भदोही पुलिस ने प्रयागराज पुलिस की सहायता से की। कुर्क की गई इमारत आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इस तीन मंजिला भवन की कुल कीमत लगभग 3 करोड़ 25 रूपये है। गैंग लीडर माफिया विजय मिश्रा के विरुद्ध हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग दर्ज हैं।




# उद्यान विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजना का उठायें लाभ-सांसद संगम लाल गुप्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** उद्यान विभाग प्रतापगढ़ द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास-पान विकास योजना के अन्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का तुलसी सदन (हादीहाल) में सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद द्वारा विभागीय स्टाल का



अवलोकन भी किया गया। सांसद संगम लाल गुप्ता ने कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुये कहा कि जनपद-प्रतापगढ़ की पहचान आवंला के साथ पान की खेती एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना के अन्तर्गत स्माल इण्डस्ट्रीज लगाने पर प्रोजेक्ट का 35 प्रतिशत अधिकतम रू0 10.00 लाख के अनुदान का लाभ उठाने हेतु कृषकों को प्रेरित करते हुए उद्यान विभाग की कार्यक्रम को सराहा। गोष्ठी में चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया द्वारा पान की खेती में लगे हुए कृषकों की आर्थिक उन्नति हेतु सांसद से निवेदन किया गया कि चौरसिया समाज के लोग जिन तालाबों की मिट्टी एवं पानी का उपयोग पान की खेती में करते है उन तालाबों को चौरसिया समाज के लोगों के नाम पट्टा दिये जाने की व्यवस्था की जाये, जिस पर सांसद ने इस हेतु अपना भरपूर समर्थन एवं प्रयत्न करने का आस्वाशन दिया। गोष्ठी में डॉ0 अतुल यादव असिस्टेन्ट प्रोफेसर फ्रूट साइंस कालेज आफ हार्टिकल्चर एण्ड फारेस्ट्री आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने पान उत्पादकों को तकनीकी जानकारी देते हुए सलाह दिया कि अच्छा मूल्य पाने के लिए पान की ग्रेडिंग एवं पैकिंग का अच्छा स्तर अपनाया जाय तथा सांसद से उन्होंने निवेदन किया कि प्रतापगढ़ के पान की ब्रान्डिंग भी करायी जाये, जिससे इसका निर्यात देश के बाहर भी निर्यात किया जा सके और पान उत्पादकों की आय में वृद्धि की जा सकें। डॉ0 विपीन कुमार वैज्ञानिक सीमैप लखनऊ द्वारा पान उत्पादकों को गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन करने की तकनीकी जानकारी दी गयी। कृष्ण मोहन चौधरी उप निदेशक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा पान की खेती में आ रही विभिन्न समस्याओं के निदान एवं पान की खेती से अधिक से अधिक आय प्राप्त करने के गुण बताये गये। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बंध में जानकारी तथा विभागीय योजनाओं में दिये जा रहे अनुदान के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी। सांसद ने उद्यान विभाग द्वारा अनुदानित पावर टिलर अजय कुमार वर्मा, अनिल कुमार तिवारी विकास खण्ड-सांगीपुर, राम सूरत वर्मा विकास खण्ड-आसपुर देवसरा को वितरित किया तथा पी0एम0एफ0एम0ई0 योजनान्तर्गत अंशू गुप्ता भगेसरा प्रतापगढ़ को धनराशि रू0 15.00 लाख, क्रान्ति दूबे को रू0 22.50 लाख, सूर्यकान्त पाण्डेय को रू0 9.00 लाख एवं असगर अली को रू0 3.60 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जनपद के प्रगतिशील कृषकों सूरज वर्मा द्वारा उत्पादित शिमर्ला मिर्च, अजय सिंह द्वारा उत्पादित शहद एवं पराग, संजय यादव द्वारा उत्पादित ब्रोकली को सांसद एवं अन्य अतिथियों को भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय किशोर उद्यान निरीक्षक खुशरूबाग प्रयागराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर के प्रतिनिधि आशीष कुमार मौर्य, उप कृषि निदेशक रघुराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी सिंह उपस्थित रहें। सुरेश कुमार चौरसिया प्रधान सेतापुर, शिव कुमार चौरसिया जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज, माता प्रसाद चौरसिया, सुरेश कुमार चौरसिया, प्रदीप कुमार चौरसिया रामपुर बेला, राजेन्द्र प्रसाद चौरसिया सेतापुर आदि के साथ-साथ लगभग 225 पान उत्पादक कृषकों द्वारा गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी के आयोजन में योजना प्रभारी इन्द्रमणि यादव, नौशाद अहमद प्रधान सहायक, राज कुमार स0उ0नि0, सत्य भान सिंह स0उ0नि0, सुरेन्द्र कुमार स0उ0नि0, अरविन्द कुमार सिंह एवं वीरेन्द्र नारायण लाल एवं उद्यान विभाग के समस्त कर्मचारी द्वारा उपस्थित रहकर गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न कराया गया।

# लायंस क्लब द्वारा सेंट्रल जेल नैनी में नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ ।**लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा सेंट्रल जेल नैनी प्रयागराज में कैदियों की नेत्र की जांच करने के बाद लगभग 150 चश्मे का वितरण किया गया त् जिसमें महिला और पुरुष दोनों प्रकार के कैदी शामिल थे त् क्लब के सदस्य एवं प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा तथा उनकी टीम द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चश्मे का वितरण तथा रोगियों को नेत्र से संबंधित उचित सलाह दी गई त् लायंस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह इस पुनीत सेवा कार्य की सफलता के लिए क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया त् तथा जेल के अंदर इस सेवा को मूर्त रूप देने में सहयोग करने के लिए जेल सुपरिटेंडेंट श्री शशिकांत सिंह को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया त् मुख्य रूप से डॉ.आर. के. सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. वी. के. मिश्रा, डॉ. संजय तिवारी, हिमांशु गुप्ता , डी.एस. मिश्रा, डॉ. राकेश पासवान, माला मिश्रा, महेश केसरवानी इत्यादि लोग समर्पित रूप से अपनी सहभागिता दी ।



# सपा ने बीजेपी को घेरा आखिरकार क्यों नहीं करा रही बीजेपी जाति जनगणना दलितों व पिछड़ों के साथ कर रही है अन्याय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** जाति जनगणना को लेकर पार्टी कार्यकर्ता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे



आखिरकार कब होगा इसका निस्तारण उक्त-हरहुआ बातें विकास खंड के अंतर्गत ब्यास बाग स्थित हनुमान मंदिर भेलखा के प्राणग में आज जाति जनगणना का संगोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सपा पिछड़ा वर्ग के प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राज्यपाल कश्यप रहे। राजपाल कश्यप ने कार्यकर्ताओं और उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में पिछड़े वंचित दलित समाज का भला या उनका अधिकार कैसे प्राप्त हो सकता है जब लोगों को यही नहीं पता है कि हमारे देश में जनसंख्या कितनी है। तो कैसे विकास होगा उन्होंने कहा कि भाजपा को जाति जनगणना को लेकर खूब खरी-खोटी सुनाया उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर केवल वोट बटोर रही है बीजेपी और गरीबों दलितों को केवल पांच किलो गेहूं चावल देकर लुभा रही है ।एकत्र होकर लड़ाई लड़ना होगा तभी हमारा अधिकार मिलेगा। और हम सब जाति जनगणना का अधिकार लेकर ही मानेंगे। वही सपा जिला अध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने कहा कि बीजेपी सरकार लोगों की आंखों में धूल झोंक रही हैं। महंगाई चरम सीमा पर है बस किराया से लेकर खानपान व शिक्षा तक महंगाई उफान मार रही है। तो दलितों का कैसे होगा विकास जाति जनगणना हर हाल में होनी चाहिए।

# रेहुआ लालगंज में होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा 26 फरवरी को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।**अल अमीन पब्लिक स्कूल रेहुआ लालगंज में 26 फरवरी को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया है जिसमें देश के नामचीन कवि एवं शायर अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक एवं संयोजक अमीन सिद्दीकी ने बताया कि 11बजे पूर्वाह्न से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी एवं समाज कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक रणवीर सिंह,सुरेश सिंह लल्लन जिला पंचायत सदस्य,अशोक सिंह ब्लाक प्रमुख उपस्थित रहेंगे।राष्ट्रीय कवि डॉ0रणजीत सिंह के संचालन में होने वाले इस कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में कानपुर कि डॉ0अंजना कुमार,रायबरेली के रमजान सफीर एवं अब्दुल मजीद रहबर,अमेठी के रामबदन शुक्ल पथिक एवं विनय पाण्डेय अजय कवयित्री जया मिश्रा,शायर अतीक प्रतापगढ़ी आदि काव्य पाठ करेंगे।

100% Placement

सीधे प्रवेश

15% Fee Concession

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# सौरव गांगुला ने आईपीएल में अपने 5 पसंदीदा युवा खिलाड़ियों के नाम का खुलासा किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी आईपीएल के लिए अपने 5 पसंदीदा



युवाओं के नाम का खुलासा किया। टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने अपने 5 पसंदीदा खिलाड़ियों के बारे में बातचीत की और उनकी क्षमता बताई गांगुली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'सूर्यकुमार यादव तो बेस्ट हैं। निश्चित ही आप उन्हें अब युवा नहीं मानेंगे, लेकिन यह कहते हुए युवा खिलाड़ियों के बीच टी20 प्रारूप में पृथ्वी शॉ में काफी प्रतिभा है। मेरे ख्याल से ऋषभ पंत भी।' जहां शॉ आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे, वहीं पंत कार एक्सीडेंट में जख्मी होने के बाद ठीक होने में जुटे हुए हैं गांगुली ने कहा, 'शॉ युवा हैं। उनके कदमों में दुनिया आ सकती है। ऋषभ पंत दूसरे नंबर पर हैं। मैं ऋतुराज गायकवाड़ को देखना चाहूंगा कि वो कैसे खेलते हैं। मेरे ख्याल से यह तीन बलेबाज हैं।' पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली अपने खेलने वाले दिनों में युवाओं को मौका देने के लिए जाने जाते थे गांगुली ने कहा कि उमरान मलिक को आईपीएल में फैंस देखने के लिए आएंगे। पूर्व कप्तान ने कहा, 'उमरान मलिक अगर फिट हुए तो संभवतः फैंस की दिलचस्पी बनाए रखेंगे क्योंकि उनके पास गति है।' गांगुली को पांचवां नाम चुनने में संघर्ष करना पड़ रहा था और आखिरकार उन्होंने शुभमन गिल का नाम लिया।दादा के नाम से मशहूर गांगुली ने कहा, 'हां, यह नाम मेरे दिमाग से फिसल गया था। मगर मेरे ख्याल से मेरा पांचवां खिलाड़ी शुभमन गिल होगा। तो पृथ्वी शॉ, ऋषभ पंत, सूर्या लिस्ट में टॉप पर हैं। इसके अलावा ऋतुराज गायकवाड़, उमरान मलिक और शुभमन गिल हैं।

# शाहिद अफरीदी और शोएब अख्तर लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 में इस टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया लायंस ने आगामी लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 के लिए मजबूत स्क्वाड बनाया है। पूर्व क्रिकेटर्स राजीन सालेह और अब्दुर रज्जाक भी एलएलसी में हिस्सा ले रहे हैं। एशिया लायंस के अलावा लीजेंड्स लीग क्रिकेट में टॉप पर रहेगी, उसे सीधे फाइनल में एंट्री मिलेगी। 18 मार्च को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा, जहां से दूसरा फाइनलिस्ट मिलेगा। 20



पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी और शोएब अख्तर स्क्वाड का हिस्सा होंगे। एलएलसी 2023 का आयोजन 10 मार्च को होगा और फाइनल मुकाबला 20 मार्च को कतर के एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। लायंस के पास पहले से पूर्व अफगानिस्तानी कप्तान असगर अफगान और नेपाल के पारस खड़का हैं। श्रीलंका की तरफ से तिलकरत्ने दिलशान, उपुल थरंगा, थिसारा परेरा, दिलहरा फर्नांडो और इसुरु उदाना प्रतिनिधित्व करेंगे। बांग्लादेश के वर्ल्ड जायंट्स और इंडिया महाराजास हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला इंडिया महाराजास और एशिया लायंस के बीच खेला जाएगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि अपने फैंस की पुरानी यादें ताजा करें और उनके चहेते खिलाड़ी गंभीर क्रिकेट खेलें। मेरा ध्यान आगामी एलएलसी मास्टर्स पर लगा है, जहां दिग्गज खिलाड़ी खिताब के लिए जंग करेंगे।' बता दें कि टूर्नामेंट के लीग चरण में 6 मैच खेले जाएंगे और जो टीम मार्च को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।राजीन सालेह (बांग्लादेश), अब्दुर रज्जाक (बांग्लादेश), पारस खड़का (नेपाल), असगर अफगान (अफगानिस्तान), दिलहरा फर्नांडो (श्रीलंका), थिसारा परेरा (श्रीलंका), उपुल थरंगा (श्रीलंका), तिलकरत्ने दिलशान (श्रीलंका), अब?दुल रज्जाक (पाकिस्तान), शाहिद अफरीदी (पाकिस्तान), मिस्बाह उल हक (पाकिस्तान) और शोएब अख्तर (पाकिस्तान)।

# आपने 3 दिन में क्यों खत्म किया फ्लाइट में यात्री से हुई मजेदार बातचीत का रविचंद्रन अश्विन ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के प्रमुख ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-



गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद फ्लाइट में सह-यात्री संग हुई मजेदार बातचीत का खुलासा किया। अश्विन ने बताया कि बहु-प्रतीक्षित सीरीज में टेस्ट के जल्दी खत्म होने पर व्यक्ति ने अपनी निराशा व्यक्त की। रविचंद्रन अश्विन ने जोर देकर कहा कि दोनों टेस्ट ऐसी पिच पर नहीं खेले गए थे, जहां मैच जल्दी खत्म होने की उम्मीद हो, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजों की बदलती सोच पर कोई जजमेंट देना सही नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम से उम्मीद थी कि वो भारत में मेजबान टीम को कड़ी चुनौती देगी।हालांकि, रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने सरेंडर किया और दोनों टेस्ट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया को नागपुर टेस्ट में एक पारी और 132 रन की शिकस्त मिली। वहीं दिल्ली टेस्ट में मेहमान टीम को 6 विकेट की शिकस्त मिली। अश्विन ने क्या कहा रविचंद्रन अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगा था कि अगर हम पहले सत्र में 5 विकेट निकाल लेंगे तो करीब 150-160 रन के लक्ष्य का पीछा करना होगा। यह मेरे दिमाग में चल रहा था। अंत में हम उन्हें पहले सत्र के खत्म होने से पहले ऑलआउट करने में सफल रहे। मैं फ्लाइट में किसी से मिला, जिसने पूछा, 'आप लोग। मैच तीन दिन में खत्म क्यों किया' मुझे दुख हुआ।'अश्विन ने अपने जवाब में सह-यात्री से कहा कि जब लंबी पारी या तेजी से रन बनाने की बात होती है तो बल्लेबाजों की मानसिकता बदलती है। उन्होंने कहा, 'सर, दो चीजें बदल गई हैं। पहली तो क्रिकेटर्स की मानसिकता। वो इन दिनों तेजी से क्रिकेट खेलना चाहते हैं। वो जल्दी रन बनाना चाहते हैं। इन दिनों क्रिकेटर्स समय नहीं लेते और तेजी से रन बनाते हैं। मगर इस कारण हम दोनों सोच की तुलना नहीं कर सकते और जज नहीं कर सकते कि कौन बेहतर है। हम कभी पीढ़ी की तुलना नहीं करते। ऑफ स्पिनर ने आगे कहा, 'दूसरी बात, दोनों टेस्ट तीन दिन में खत्म नहीं होने चाहिए थे।' अश्विन और जडेजा मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं। दोनों ने दो टेस्ट में मिलकर 31 विकेट लिए। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 1 मार्च से इंदौर में खेला जाएगा।

# प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए इन खिलाड़ियों को किया शॉर्टलिस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला टी-20 विश्व कप 2023 में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 5 रन से हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम का फाइनल में पहुंचने का सपना चकनाचूर हो गया। इसी बीच आईसीसी (घ्ण्) ने महिला टी-20 विश्व कप 2023 के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए कुल 9 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है। हैरानी की बात यह है कि इन खिलाड़ियों में से सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी का नाम शामिल है। आइये जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए उन 9 खिलाड़ियों के बारे में विस्तार से। दरअसल, आईसीसी ने हाल ही में महिला विश्व कप 2023 ेंदसह टूर्नामेंट के लिए कुल 9 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिसमें सबसे पहले नंबर पर है।

# स्टार भारतीय ऑलराउंडर को बनाया अपना उप-कप्तान ऐलिसा हीली करेंगी कप्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को आगामी महिला प्रीमियर लीग ने यूपी वॉरियर्स ने अपना उप-कप्तान बनाया है। कुछ समय पहले यूपी वॉरियर्स ने घोषणा की थी कि ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर बल?लेबाज ऐलिसा हीली सुपर लीग में वेस्टर्न स्टॉर्म, महिला बिग बैश लीग में सिडनी थंडर, द हंड्रेड में बर्मिंघम फिनिक्स और लंदन स्पिरिट का हिस्सा रह चुकी हैं।दीप्ति शर्मा ने विदेशों में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में 30 मैचों में 32 विकेट लिए और 394 रन बनाए। वहीं भारत में महिला टी20 चैलेंज के दौरान वह ट्रेलब्लेजर्स व वेलोसिटी



डब्ल्यूपीएल 2023 में फ्रेंचाइजी की कप्तानी करेंगी। आगरा की दीप्ति शर्मा महिला खिलड़ियों की नीलामी में सबसे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक थीं। 25 साल की ऑलराउंडर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नियमित सदस्य हैं और वो उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें विदेश में फ्रेंचाइजी टी20 लीग खेलने का अनुभव हासिल है। दीप्ति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 वल्ड कप 2023 में पांच मैचों में 6 विकेट लिए। वह बल्ले से भी अहम योगदान देना जानती हैं। अपने अपार अनुभव के बल पर आगामी डब्ल्यूपीएल में दीप्ति से फ्रेंचाइजी को बहुत उम्मीदें हैं। शानदार स्पिनर, निर्भर बल्लेबाज और बेहतरीन फील्डर दीप्ति शर्मा का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दीप्ति शर्मा ने अब तक 92 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले और 102 विकेट ले चुकी हैं। 2016 में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली दीप्ति भारतीय टीम की अहम सदस्य में से एक हैं। दीप्ति शर्मा ने क्या कहा दीप्ति शर्मा ने अपने बयान में कहा, 'उत्तर प्रदेश का होने के नाते, मुझे बस इतनी खुशी नहीं कि यूपी वॉरियर्स टीम में चुनी गई बल्कि उप कप्तानी भी मिली। कप्तान ऐलिसा हीली और अन्य सीनियर खिलड़ियों के साथ हमें उम्मीद है कि अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमें उम्मीद है कि डब्ल्यूपीएल में हमारा प्रदर्शन उत्?तर प्रदेश में युवाओं के लिए प्रेरणादायी बनेगा। हमें टूर्नामेंट की शुरुआत का बेसब्री से इंतजार है।

# मौत को दी मात, द.अफ्रीका को पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनाने में जुटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स की कहानी किसी भी युवा के लिए प्रेरणादायी है। ताजमिन की बाईशेप्स पर ओलंपिक रिंग का टैटू बना है। वो जिंदगी में कई मुसीबतों से उबरकर आज एक सफल क्रिकेटर बनी हैं और अब ब्रिट्स जेवलिन स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करने के करीब थीं। इसके अलावा ब्रिट्स को आत्महत्या के ख्याल भी आया करते थे। इन मुसीबतों से ऊपर उठकर ताजमिन ब्रिट्स आज एक सफल क्रिकेटर हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर रही हैं। 8 जनवरी 1991 को नॉर्थ वेस्ट प्रोविंस के लौट रही थीं, लेकिन रास्ते में उनका गंभीर कार एक्सीडेंट हो गया। ब्रिट्स अपनी कार से नियंत्रण खो बैठी और सीट बेल्ट नहीं पहनने के कारण कार से बाहर निकल गईं। चीजें तब और खराब हुईं जब कार उनके ऊपर गिर गई। युवा ताजमिन को कई चोटें लगी। ब्रिट्स सौभाग?यशाली रहीं कि इस गंभीर



दक्षिण अफ्रीका को पहली बार वर्ल्ड कप चैंपियन बनाने के करीब हैं। 32 साल की ताजमिन ब्रिट्स इस समय चर्चा का केंद्र बनी हुईं हैं। उन्होंने शुक्रवार को महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 68 रन की मैच विजयी पारी खेली और 4 लाजवाब कैच पकड़े। ब्रिट्स के प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 6 रन से मात दी और पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में प्रवेश किया।ताजमिन ब्रिट्स युवा उम्र में गंभीर कार दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हुईं थीं। उनके ओलंपिक का सपना चकनाचूर हो गया था। क्लेर्क्सडोप में जन्मीं ताजमिन का परिवार एथलीट्स का हैं। उनकी मां टेनिस खिलाड़ी थीं जबकि पिता और भाई रग्बी खेलते थे। इसी का प्रभाव ताजमिन पर भी पड़ा और उन्होंने जेवलिन को अपना पसंदीदा खेल चुना। कई सालों की कड़ी मेहनत के बाद ब्रिट्स ने 2007 में चेक गणराज्य में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप्स का खिताब जीता था। तब उनकी उम्र 16 साल थी। ब्रिट्स ने जेवलिन में काफी सफलता हासिल की और 2012 लंदन ओलंपिक्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम में जगह पक्की की। ओलंपिक डेब्यू से आठ महीने पहले ब्रिट्स डिनर करके अपने घर दुर्घटना से उबरने में सफल रहीं, लेकिन उनके ओलंपिक्स का सपना चकनाचूर हो गया। दक्षिण अफ्रीकी एथलीट जब अस्पताल से छूटी तो व्हीलचेयर पर थीं। वो अपनी मां की मदद के बिना कोई काम नहीं कर पा रही थीं। ब्रिट्स की मुसीबतें तब ओर बढ़ गईं जब उनकी चोटें पूरी तरह ठीक नहीं हुईं और उन्हें एक और सर्जरी की जरुरत पड़ी। ब्रिट्स के ओलंपिक का सपना टूट गया और जूनियर वर्?ड चैंपियन जनवरी 2018 तक जेवलिन के बारे में कुछ सोच नहीं सकी। उन्होंने दोबारा इस खेल में हाथ आजमाने की ठानी जरूर थी। इस बीच ब्रिट्स ने एक स्थानीय किराने की दुकान में काम किया। हालांकि, स्थानीय सर्किट में कुछ प्रभावी प्रदर्शन के कारण ब्रिट्स को क्रिकेट से बुलावा आया। उन्हें जल्द ही घरेलू क्रिकेट में मौका मिला और उनकी प्रतिभा की पहचान हुई। ब्रिट्स ने 2018 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। उन्हें बतौर टी20 विशेषज्ञ खिलाया गया। हालांकि, 2020 टी20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रिट्स को टीम में जगह नहीं मिली। एक और निराशा को पीछे छोड़ते हुए ब्रिट्स ने 2021 में वनडे डेब?यू किया और पिछले साल न्यूजीलैंड में वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया। ताजमिन ब्रिट्स ने अपने निरंतर प्रदर्शन से प्रभावित किया और घरेलू जमीन पर हो रहे महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम में जगह बनाई। उन?होंने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया और बांग?लादेश के खिलाफ क्रमशः 45 व 50 रन की पारी खेली। फिर सेमीफाइनल में 68 रन बनाकर देश की हीरो बनीं। ब्रिट्स ने अपनी पारी के दौरान छह चौके और दो छक?के जमाए। उन्होंने लौरा वोलवार्ट के साथ पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल केप टाउन में रविवार को खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला शाम 6:30 बजे शुरू होगा और टॉस आधे घंटे पहले होगा। ब्रिट्स को उम्मीद होगी कि सेमीफाइनल के प्रदर्शन को वो फाइनल में दोहरा सके और टीम को पहली बार चैंपियन बनाकर इतिहास रचें।



# राशिफल



**मेष-:** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:** आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी ने बल्ले से दिखाया कमाल,धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में संघर्ष कर रही है। मगर कीवी कप्तान टिम साउथी ने अपने खाते में एक गजब की उपलब्धि दर्ज करा ली है। इस बार साउथी ने गेंद नहीं बल्कि बल्ले से दम दिखाया है। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी ने पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की है। साउथी ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पारी के दौरान दो छक्के लगाए। इस तरह टेस्ट क्रिकेट में साउथी ने कुल 78 छक्के लगा दिए हैं। साउथी ने यहां एमएस धोनी की बराबरी की, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 78 छक्के जमाए हैं। साउथी ने केवल 131 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की जबकि धोनी ने 144 पारियों में 78 छक्के



लगाए थे। साउथी अब न्यूजीलैंड के पूर्व दिग?गज ऑलराउंडर क्रिस कैन्स की बराबरी करने से केवल 9 छक्के पीछे हैं। हालांकि, वो न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम से काफी पीछे हैं, जिन्होंने 107 छक्के जमाए हैं। बता दें कि टिम साउथी टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जमाने के मामले में 14वें स्थान पर काबिज हैं। बेन स्टोक्स के नाम है रिकॉर्ड इग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बल्लेबाज हैं। स्टोक्स ने 91 मैचों में 109 छक्के लगाए हैं। ब्रेंडन मैकुलम 107 छक्के के साथ लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट 100 छक्के के साथ इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट इतिहास में केवल ये तीन बल्लेबाज ही हैं, जिन्होंने 100 या ज्यादा छक्के जमाए हैं।मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 435/8 के स्कोर पर घोषित की। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 138/7 का स्कोर बनाया। स्टंप्स के समय टॉम ब्लंडेल (25 और कप्तान टिम साउथी (23) क्रीज पर जमे हुए थे।

## सम्पादकीय

### समाजवादी राजनीति का भटकाव, सियासत में धर्म के इस्तेमाल की आलोचना करने वाली पार्टी उसे ही बना रही अपना आधार

समाजवादी पार्टी जिस तरह श्रीरामचरितमानस और गोस्वामी तुलसीदास पर सवाल उठाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य के बचाव में उतरी है, उससे राममंदिर आंदोलन के दौरान पार्टी के कदमों की याद ताजा हो रही है। तब मुलायम सिंह यादव ने बतौर मुख्यमंत्री कहा था कि बाबरी ढांचे के पास परिंदा भी पर नहीं मार सकता और अब उनके उत्तराधिकारी अखिलेश यादव एक तरह से स्वामी प्रसाद मौर्य को शह दे रहे हैं। यह शह इतनी है कि मौर्य का विरोध करने वाली दो महिला नेताओं रोली मिश्रा और ऋचा सिंह को पार्टी से निकालने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प यह है कि जातीय बुनियाद पर केंद्रित राजनीति के लिए विख्यात उत्तर प्रदेश में वे उस ब्राह्मण और राजपूत समुदाय की तेजतर्रार नेत्रियां हैं, जिन्हें पारंपरिक तौर पर आज भाजपा का वोट बैंक माना जाता है। दोनों का दोष सिर्फ इतना है कि समाजवादी राजनीति में रहते हुए भी उन्होंने रामचरितमानस और तुलसीदास के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप का खुलकर विरोध किया। उत्तर प्रदेश की तरह बिहार की समाजवादी राजनीति में अब तक कोई ऐसा निष्कासन नहीं हुआ है, लेकिन राजनीति की आंच पर रामचरितमानस के चरित्र हनन करने की शुरुआत बिहार से ही हुई। दिलचस्प यह है कि राज्य के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस पर सवाल उठाया, लेकिन राजद नेता चंद्रशेखर का अभी तक राजनीतिक रूप से बाल भी बांका नहीं हुआ है। चाहे मौर्य हों या चंद्रशेखर, उन्हें उनके राजनीतिक नेतृत्व की ओर से लगातार शह मिल रही है। उन्हें रोकने की कोशिश नहीं हो रही है। कुछ महीने पहले बिहार में हुए विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान राजद नेता और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सवर्ण वोटरों को रिझाने की कोशिश करते नजर आए थे। तब ऐसा लगा था कि राजद अपने पारंपरिक वोट बैंक पिछड़ा, यादव और मुस्लिम के बाहर भी अपना आधार बढ़ाने की कोशिश में है। उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भी ब्राह्मणों को लेकर जिस तरह राजनीतिक सहानुभूति दिखाने की कोशिश विपक्षी खेमे से हुई थी, तब भी माना गया था कि समाजवादी राजनीति अपने पारंपरिक वोट बैंक के साथ ही सवर्ण समाज को भी आकर्षित करने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि सवर्ण तबका पूरी तरह भाजपा के साथ नजर आया। कुछ ऐसा ही बिहार में भी दिख रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या वजह है कि पिछड़े वर्ग में आधार रखने वाली समाजवादी राजनीति रामचरितमानस पर हमले को अपने लिए राजनीतिक हथियार बना रही है? तीन दशक पहले राम मंदिर आंदोलन के विरोध की वजह थोक मुस्लिम वोट बैंक को साधना था। इसमें लालू और मुलायम दोनों कामयाब रहे। तब से उनका जो मुस्लिम वोट बैंक बना है, वह अब तक उनके साथ खड़ा है। हां, तब उनके साथ पिछड़े वर्ग के लोग भी थे, जिससे उनके लिए सत्ता की सीढ़ी आसान रही, लेकिन अब पिछड़े वर्ग में विभाजन हो गया है। अति पिछड़ी जातियां अब समाजवादी धारा के साथ खड़ी नहीं हैं। इसकी शुरुआत बिहार में नीतीश कुमार ने अपने पहले कार्यकाल में ही की। जब उन्होंने दलित और पिछड़ी जातियों में अति-दलित और अति-पिछड़ा नाम से राजनीतिक विभाजन किया। भारत की जो जातीय संरचना है, उसमें एक वर्ग की जाति का जरूरी नहीं कि उसी वर्ग की दूसरी जाति से सद्भाव का रिश्ता हो। यही वजह है कि पिछड़े और दलित वर्ग में विभाजन हो गया। इसके साथ ही अति-दलित और अति-पिछड़ी जातियां भाजपा के खेमे में आती गईं। समाजवादी राजनीति की ओर से रामचरितमानस को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे हैं, वे दरअसल सोची-समझी रणनीति के तहत उठाए जा रहे हैं। इनका मकसद है मानस और तुलसी को दलित और पिछड़ा विरोधी सिद्ध करना। इसके जरिये समाजवादी राजनीति के मौजूदा पुरोधाओं को लगता है कि सनातन परंपरा में सबसे ज्यादा श्रद्धा सवर्ण समाज की है। अगर रामचरितमानस और तुलसी पर सवाल उठेगा तो सवर्ण तबके से प्रतिक्रिया उठेगी। यह प्रतिक्रिया जितनी तीव्र होगी, पिछड़े और दलित समाज को एक करने में ज्यादा आसानी होगी। इसके जरिये पिछड़ा और दलित विभाजन खत्म होगा। अगर ऐसा हुआ तो दलित और पिछड़ा वर्ग एक बार फिर उनका वोटबैंक बनकर उभरेगा। इस तरह रामचरितमानस पर उठते सवालों के राजनीतिक संदर्भ का एक छोर आगामी लोकसभा चुनाव तक जाता है। चूंकि लोकसभा चुनाव में अब करीब सवा साल का ही समय शेष है, लिहाजा ऐसी तैयारियां तेज होंगी।

# सरस मेले में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बने लोगों की पसंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान द्वारा आयोजित सरस आजीविका सरस मेले में छठे दिन लोगों, विशेषकर महिलाओं तथा युवतियों ने जमकर खरीददारी की। बुधवार को मेले में छठे दिन जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने मंच पर सुप्रसिद्ध रॉक डांस की प्रस्तुति दी। अपनी कला के शानदार प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने यहा उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही गुरुवार, 23 फरवरी को गुजरात के कलाकार वहां के प्रसिद्ध लोकनृत्य डांडिया गरबा का मंच पर प्रदर्शन करेंगे। मेले में बुधवार को विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों की जमकर खरीददारी की गई। आंध्र प्रदेश की नर्रा सुनीथा के समूह विनायका के फूड प्रोडक्ट्स की लोगों ने जमकर खरीददारी की। आंध्रा के ही के. रेवाथी के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे वुड कार्विंग लोगों की खसी पसंद बने। असम की प्रतिभा डेका के भाग्य ज्योति समूह के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही। असम से ही पम्पी तलुकदार के मां लक्ष्मी समूह के हैंडीक्राफ्ट के बम्बू प्रोडक्ट्स की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। उधर बिहार की किरन देवी के वैष्णो समूह फूड प्रोडक्ट्स में सत्तू लोगों की पसंद बने। बिहार से ही गुड़िया देवी के ज्योति समूह के हैंडीक्राफ्ट के डेकोरेटिव आइटम्स की खरीददारी भी जमकर हुई। छत्तीसगढ़ से हेमवंतिन नाग के जय मां लक्ष्मी समूह के मसाले लोगों को खूब भा रहे हैं। छत्तीसगढ़ से ही पदमावती झारा के जय बुद्धि मां समूह के हैंडीक्राफ्ट बैल मेटल ने खासी धूम मचा रखी है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के महिला समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्ननपटना खिलौना मेले में उपलब्ध हैं। हैंडलूम सरस आजीविका मेला 2023 में कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन जो हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं वो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे






भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके साथ ही सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राप्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स ये सभी रहेंगे। साथ ही प्राकृतिक खाद्य पदार्थ भी फूड स्टाल पर मौजूद होंगे। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के रूप में अदरक, चाय, दाल कॉफी, पापड़, एपल जैम और अचार आदि उपलब्ध रहेंगे। साथ ही मेले में बच्चों के मनोरंजन का भी पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लोग भरपूर आनंद उठा पाएंगे। एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि मेले में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के पुख्ता इंतजाम रखे गए हैं।सरस मेले में सातवें दिन खरीददारों की उमड़ी भीड़ गोवा, कर्नाटक, केरल और लद्दाख के उत्पाद बने लोगों की पसंद सरस मेले में देशभर के हस्तशिल्पीयों के उत्पादों की धूम, बढ़ी रौनक हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बन रहे सरस मेले की शान गुजरात के डांडिया गरबा लोकनृत्य ने बांधा समां सरस मेले में गुजरात के कलाकारों ने डांडिया के माध्यम से बिखेरा जलवा नोएडा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित सरस आजीविका मेले में छठे दिन खासी चहल-पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की। सेक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में इस बार तीसरे मेले का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को यहां गोवा की येसु बनौलिकर के दत्तागुरु समूह के फूड प्रोडक्ट्स, ज्योति गोडकिया के श्री राष्ट्रोली समूह तथा समीक्षा के ओम साईं समूह के हैंडीक्राफ्ट उतपादों की लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं कर्नाटक से चंद्रकला, शिलपी तथा प्रवीन बानू के समूह मारुति, लक्ष्मी तथा श्री शारदा के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी महिलाओं की पसंद बने। इसके साथ ही केरल से हीरा जोसे के हर्बल फूड सप्लीमेंअतिाा सुधर्मा देवदास के मसालों की अच्छी बिक्री हुई। जबकि पंजाब से जसप्रीत कौर गुरुनानक समूह की हल्दी तथा जसविंदर कोर के सेवा भलाई समूह हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में कुचि आइटम लोगों को खासे पसंद आए। इसके साथ ही हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं जो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद उपलब्ध हैं। ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्ननपटना खिलौना, सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राप्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स ये सभी रहेंगे। साथ ही प्राकृतिक खाद्य पदार्थ भी फूड स्टाल पर मौजूद होंगे। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के रूप में अदरक, चाय, दाल कॉफी, पापड़, एपल जैम और अचार आदि उपलब्ध रहेंगे। साथ ही मेले में बच्चों के मनोरंजन का भी पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लोग भरपूर आनंद उठा पाएंगे। गुजरात के कलाकारों ने मंच पर बिखेरा जलवा सरस मेले के छठे दिन यहां गुजरात के कलाकारों ने मशहूर डांडिया गरबा की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। इसके साथ ही अन्य सांस्कृतिक आयोजनों ने भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले के सातवें दिन शुक्रवार को यहां मध्य प्रदेश के कलाकार मंच की शोभा बढ़ाएंगे। इस दौरान यहां मध्य प्रदेश के फेमस संथल ट्राइब्स डांस का प्रस्तुति दी जाएगी।सरस मेले में डिजाइनिंग एंड पैकेजिंग विषय पर आयोजित की कार्यशाल नोएडा हाट स्थिति सरस आजीविका मेले में छठे दिन एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशाला में समूह की दीदियों को प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग एवं डिजाइनिंग से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर एनआईएफटी दिल्ली के शक्ति सागर कत्रे ने बताया कि किस तरह हम अपने प्रोडक्ट्स की बेहतर डिजाइनिंग तथा पैकेजिंग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग में डिजाइनिंग और पैकेजिंग का विशेष महत्व है। इसलिए हमें इन पर ध्यान देना है। हमें अपने प्रोडक्ट्स की ब्रांडिंग को भी बेहतर बनाना है, ताकि खराददार उससे आकर्षित हों और आपके प्रोडक्ट्स की अच्छी सेल हो। इस अवसर पर यहां एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया तथा सुरेश प्रसाद सहित अन्या सहयोगी उपस्थिति रहे।

# बलिया मे वकील न्यायालय के गेट पर ताला जड़ ग्राम न्यायालय का कर रहे विरोध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

उत्तर-प्रदेश के बागी बलिया क्रांतिकारियो की धरती है।क्रांति करना हम लोगो का धर्म-अधिकार और कर्तव्य भी है।हम अधिवक्ता क्रांति तबतक करते रहेंगे जबतक की ग्राम न्यायालय वापस नही हो जाता।इसके लिए यदि अधिवक्ताओ को शहीद भी होना पड़े तो हम सरकार के वोट की राजनीति के लिए जनहित मे किसी भी किमत पर सैकड़ो वर्षो से चली आ रही न्यायिक व्यवस्था को बदलने नही देगे।यह बाते बलिया अधिवक्ता बार एसोसिएशन का ऐलान के रूप मे शासन और प्रशासन को आज दूसरे दिन भी चेताया है। बलिया मे ग्राम न्यायालयों को सभी तहसीलों में भेजे जाने के विरोध में बुधवार को क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन व दी सिविल बार एसोसिएशन के वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर जिला सत्र न्यायालय के दोनों गेटों पर तालाबंदी कर क्रांति के रूप मे अपनी मांगो के समर्थन मे जोरदार प्रदर्शन किया।अधिवक्ताओं ने कहा कि बिल्थरारोड, सिकंदरपुर, बैरिया व रसड़ा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी दीवानी-फौजदारी वादों की सूची बनाकर ग्राम न्यायालयों में भेजने की तैयारी को हम अमलीजामा नहीं पहनाने देंगे।उन्होंने चेताया कि यदि शासन स्तर पर हमारी बातें नहीं मानी गयीं तो उग्र आंदोलन भी करेंगे। इस दौरान कचहरी के आस-पास भारी संख्या में पुलिस फोर्स से छावनी में तब्दील रहा। दोपहर एक बजे तक सभी न्यायिक अधिकारी कोर्ट के अंदर रहे जबकि सिविल बार तथा क्रिमिनल बार के वकीलों ने अलग-अलग गेट पर प्रदर्शन करते रहे। बलिया अधिवक्ता बार संगठन के सामने जिला प्रशासन बौना नजर आया। इस दौरान वकीलों के समूह ने जगह-जगह चौकस होकर प्रदेश सरकार व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ खूब जमकर नारेबाजी की और भड़ास निकाली। जिला सत्र न्यायालय बलिया के अधिवक्ता बार संगठन के प्रेसिडेंट सहित अधिवक्ताओं ने कहा कि सूबे की सरकार गांव के गरीबों को परेशान करने के लिए ग्राम न्यायालयों का गठन कर रही है।वास्तव में ग्राम न्यायालय हर गांव में खुले तो माना जाएगा कि सरकार गांव के गरीबों की सच्ची हितैषी है जिले मे ग्राम न्यायालय की विरोध के दौरान बलिया क्रिमिनल बार के सभागार में सिविल व क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एक आपात कालीन बैठक की, जिसमें वकीलों ने निर्णय लिया कि 23 यानि गुरुवार व 24 फरवरी यानि शुक्रवार को भी अधिवक्ता सिविल कोर्ट के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करेंगे और आंदोलन में न्यायिक कर्मचारियों को भी कोर्ट में प्रवेश से वंचित रखा जाएगा और कोर्ट में न्यायिक कार्य नहीं होगा। इस मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा वकीलों को दो धड़े में बांटने का कार्य किया है. जहां एक तरफ अधिवक्ता न्याय के लिए आजीवन संघर्ष करता है वही सरकार तहसील व जिला मुख्यालय के वकीलों को अलग-अलग बाँट करके अपना उल्लू सीधा करना चाहती है।जबकि इससे न तो तहसील के अधिवक्ताओं को फायदा है न तो जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं को कोई लाभ होने वाला है। क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार के तानाशाही रवैए के चलते तहसील स्तर पर न्यायालयों को स्थानांतरित किया जा रहा है।लेकिन शासन की मंशा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तहसीलों पर न्यायालय भेजकर ग्राम न्यायालय की संज्ञा दी जा रही है, जो गांव के गरीब व वादकारियों के साथ पूरी तरह से छलावा है। इस दौरान बार संगठन के वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने कहा कि जिस समय ग्रामीण अंचल से शहरों में आने के लिए पर्याप्त साधनों का अभाव था, उस समय ग्रामीण न्यायालय खोलने का प्रस्ताव पास हुआ था। लेकिन आजकल जिले के किसी भी कोने से वादकारी समय से अदालत पहुंचकर अपनी पैरवी कर सकते है। ऐसे में ग्राम न्यायालय का प्रस्ताव बेईमानी है। कहा कि प्रत्येक प्रदेश में सुप्रीम कोर्ट और मंडल स्तर पर हाईकोर्ट का गठन हो सके तब ग्रामीण स्तर पर ग्राम न्यायालय खोलना कारगर होगा। इस मौके पर कुबेर नाथ पांडेय, अनिल मिश्रा, शिवकुमार तिवारी, प्रदीप कुमार गुप्त, उमाशंकर तिवारी, धीरज ठाकुर, विवेकानंद पाण्डेय, अनिलेश पाठक, मनोज तिवारी, शंकर राम फौजदार, दयाशंकर तिवारी, सुभाष चंद श्रीवास्तव, मनोज राय हंस, सत्य प्रकाश यादव, अखिलेश सिंह, डॉ निर्भय नारायण सिंह आदि थे। अध्यक्षता देवेंद्र नाथ मिश्रा, देवेंद्र कुमार दुबे तथा संचालन कुबेर नाथ पाण्डेय व अनिल मिश्र ने किया।




# स्वरोजगार ने महिलाओं के जीवन को बदला है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

व्यापार के जरिए स्वरोजगार ने महिलाओं के जीवन को बदला है। यही जीवन का मूल मंत्र बनाओ हमेशा सफल रहोगे यह बातें एमएसएमई भारत सरकार के निदेशक राजेश चौधरी ने ग्राम चंदापुर,ब्लॉक आराजीलाइन में स्थित नंदघर पर सात दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सिलाई,पापड़, कालीन, स्टोन पोस्टिंग, माला, रुद्राक्ष के प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 173 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कहीं। प्रोग्राम समन्वयक दिनेश तिवारी ने कहा वेदांता के सौजन्य से विभिन्न ट्रेनों की दक्षता,उद्यामिता विकास प्रशिक्षण,कौशल विकास कार्यक्रम आईएसएपी द्वारा चलाया जा रहा है। केंद्रीय व प्रदेश योजनाओं व तकनीकी ज्ञान से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार परक शिक्षा की पहल से ही महिलाएं स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन सकती है।कौशल विकास का व्यवस्थित ढांचा ही व्यक्तित्व है। कौशल प्रशिक्षण के जरिए ही विभिन्न ट्रेडों में कौशल विकास कम समय में ज्यादा सीख सकते हैं इससे भविष्य में किसी भी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सके और स्वरोजगार या व्यवसाय का शुभारंभ कर सकें। डिप्टी डायरेक्टर वीके राणा ने संबोधित करते कहा गांव की समृद्धि में कौशल प्रशिक्षण ही सबसे बड़ा योगदान है, जिस गांव में महिलाएं समृद्ध होगी उस गांव विकास की सीढ़ी बहुत मजबूत होगी। प्रत्येक महिला को चाहिए कि सीखें, कमाएं और स्वालंबी बने।।स्वयं का उद्योग स्थापित करें।तभी आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश व भारत का सपना साकार होगा।एमएसएमई की योजनाओं (कुटीर व लघु उद्योगों) से जुड़े और लाभ उठाएं और जीवन के सपनों को साकार करें। एमएसएमई भारत सरकार डायरेक्टर राजेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कौशल विकास के क्षेत्र में कोई न कोई दक्षता अवश्य हासिल करना चाहिए जो जीवन में आगे बढ़ने का बहुत बड़ा मार्गदर्शन करता है।जिन्होंने कौशल दक्षता हासिल किया है उन कुशल कारीगरों को स्वयं का रोजगार मिल जाता है और दैनिक आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर सपनों को साकार कर रहे है। आज व्यापार के जरिए स्वरोजगार ने महिलाओं के जीवन को बदला है। यही जीवन का मूल मंत्र बनाओ,हमेशा सफल रहोगे। मुझे खुशी है कि 173 महिलाओं ने विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण लेने के उपरांत सीधे रोजगार से जुड़ गई है। इस मौके पर सर्वप्रथम संविधान ज्ञाता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। तदुपरांत ग्राम प्रधान राजेन्द्र पटेल,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर दीपिका वर्मा,मंडन मिश्रा, पूजा देवी, शांति भूषण सिंह, प्रियंका पटेल, प्रमिला, प्रशांत सिंह, ऋतु सिंह,भानु शंकर दुबे,छाया सिंह, पूनम,अजित विश्वकर्मा आदि ने संबोधित कर प्रशिक्षित महिलाओं का मनोबल बढ़ाया।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा किसान मोर्चा नोएडा महानगर के द्वारा नमो किसान सम्मान दिवस मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना की अध्यक्षता में सेक्टर 128 गांव सुल्तानपुर स्थित शिव मंदिर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर नमो किसान सम्मान दिवस मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री शिव ओम शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह भाटी एवं विकास चौधरी उपस्थित रहे। नमो किसान सम्मान दिवस के अवसर पर उपस्थित किसान भाइयों को मुख्य अतिथि और जिला अध्यक्ष जी के द्वारा सम्मान किया गया। नमो किसान सम्मान दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय किसान मोर्चा के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष श्री शिव ओम शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से लेकर अब तक, जब से देश में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी है हमेशा देश के किसानों के हितों की रक्षा के लिए रात दिन काम किए गए हैं जैसे किसान सम्मान निधि हो,किसानों के लिए हेल्थ कार्ड हो। किसानों के लिए नई नई योजना लाकर देश के किसानों का सहयोग किया गया है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना जी ने किसान भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में केंद्र और प्रदेश सरकारों ने हमेशा किसान भाइयों की समस्याओं का निदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों की आय को कैसे दुगनी की जाए इसके लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री सतपाल अवाना, सर्वेश कुमार सिंह, जिला कार्यालय प्रभारी अभय त्यागी, जिला कार्यकारिणी सदस्य भागवत दयाल शर्मा, विष्णु शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश का बजट किसानों के उत्थान का बजट - रवि राघव

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश का 2023 का बजट किसानों के उत्थान का बजट है।इस बजट में किसानों को पूरी



अहमियत दी गई है। हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से बातचीत करते हुए भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश सचिव रवि राघव ने कहा कि योगी सरकार के 2023 के बजट में निजी नलकूप से जुड़े अन्नदाता किसानों को बिजली बिल में व्यवस्थित तरीके से 100ड्ड छूट देने के कदम का स्वागत किया है। इस बजट में किसानों का पूरा ध्यान रखा गया है। किसान नेता रवि राघव ने योगी सरकार के बजट में आवारा पशुओं की समस्या के निराकरण के लिए 700 करोड़ की व्यवस्था करने के कदम का स्वागत किया है प्रदेश के बेसहारा गोवंश की समस्या को सुलझाने के लिए 187 बड़े गो संरक्षण केंद्र निर्माण भी स्वागत योग्य है।

## अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार प्रो0 कृष्ण चन्द्र बाजपेई द्वारा निर्मित प0 श्रीराम बाजपेयी जी की कांस्य मूर्ति का हुआ अनावरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**हरदोई।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार प्रो0 कृष्ण चन्द्र बाजपेई द्वारा निर्मित प0 श्रीराम बाजपेयी जी की कांस्य मूर्ति का अनावरण



विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक श्री बी0 के0 दुबे जी द्वारा किया गया। प्रति वर्ष विश्व चिंतन दिवस मनाया जाता है। इस दिन स्काउटिंग के जनक वेडेन पावेल व उनकी पत्नी ऑलिव वेडेन पावेल का जन्म दिवस को विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर भारत मे स्काउटिंग के जनक प0 श्रीराम बाजपेई, की मूर्ति को हरदोई जिले के स्काउट भवन के प्रांगण में जन सहयोग से स्थापित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ जी, उपाध्यक्ष सोने लाल मिश्रा जी, जिला कमिश्नर स्काउट अवधेश त्रिपाठी जी, जिला कमिश्नर गाइड गायत्री जी, जिला आयुक्त गीता शुक्ला, सचिव राजेश तिवारी जी, रमेश चन्द्र वर्मा, पंकज वर्मा, अलका गुप्ता, चेतना शुक्ला, अतुलकान्त कुशवाहा, आशीष सिंह, विपिन त्रिपाठी सहित भारत स्काउट गाइड जिला संस्था हरदोई के समस्त पदाधिकारी व गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक बी0 के0 दुबे0 ने अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार प्रो0 कृष्ण चन्द्र बाजपेई द्वारा निर्मित मूर्ति की भूरी भूरी प्रसंशा की।

## महाप्रबंधक ने रेलवे मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र से नवाजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक चन्द्र वीर रमण के नेतृत्व में यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल संरक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रभावी कदम उठाये गये है।महाप्रबन्धक रमण ने पूर्वोत्तर रेलवे पर संरक्षा के क्षेत्र में माह जनवरी,2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात रेल कर्मियों को सभागार



कक्ष में गुरुवार को नगदपुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर 'माह का सर्वोत्तम कर्मचारी' घोषित कर विषेष संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान पुरस्कार प्राप्त कर्ताओं में इज्जतनगर मंडल के बरेली सिटी में वरिष्ठ सहायक लोको पायलट संतोष कुमार ने 3 जनवरी, 2023 को बरेली सिटी यार्ड में लोको पायलट शन्टर के रूप में कार्य करते हुए गाड़ी सं. 05385 में लगने वाले इंजन को चेक करते समय लोको पायलट के सीट के नीचे हेलीकट स्प्रिंग का टॉप क्वायल टूटा हुआ देखकर तत्काल इसकी सूचना लोको निरीक्षक एवं पावर कंट्रोलर को दी। संतोष की कार्य के प्रति सजगता के कारण होने वाली संभावित दुर्घटना को रोका जा सका। लोको पायलट सवारी, बरेली सिटी मोहम्मद जसीम रजा ने 5 जनवरी2023 को गाड़ी सं. 05352 पर कार्य करते समय काशीपुर-हेमपुर इस्माइल के मध्य लाइन पर खजूर के पत्तों का गट्ठर देखकरइमरजेन्सी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका तथा जाकर पत्तों के ढेर को हटाकर देखा कि वहां से जागल प्लेट गायब है। जिसकी सूचना रजा ने तत्काल ट्रेन मैनेजर एवं स्टेषन मास्टर, हेमपुर इस्माइल को दी। इसी तरह रजा के कार्य के प्रति सजगता के कारण संभावित घटना को रोका जा सका।समपार सं0 18 पर गेटमैन धनन्जय कुमार 31 जनवरी,2023 को समपार पर कार्यरत रहते हुए05342 के इंजन से खट-खट की आवाज सुनकर तत्काल स्टेशन मास्टर,मझोला पकड़िया को नोट कराया।धनन्जय का कार्य उनकी सुझबूझ, कार्य के प्रति लगन एवं तत्परता को दर्शाता है। लखनऊ मंडल के अन्तर्गत लोको पायलट, गोरखपुर में जितेन्द्र कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ सहायक लोको पायलट सोनू सिंह ने 9 जनवरी 2023 को गाड़ी सं015274 पर कार्य के दौरान सीतापुर-टप्पा खजूरिया के मध्य जर्क महसूस कर तत्काल गाड़ी को नियंत्रित कर अगले स्टेशन पर फाउलिंग मार्क को जाम करते हुए स्टेषन मास्टर टप्पा खजूरिया को लिखित सूचना दी, जिस पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जांचोपरान्त जर्क वाले स्थान पर फ्रैक्चर पाया गया। जितेन्द्र एवं श्री सोनू सिंह की सुझबूझ से संभावित दुर्घटना टाली जा सकी। वरिष्ठ मालगाड़ी ट्रेन मैनेजर गोण्डा श्री अरविन्द कुमार तिवारी ने 15 जनवरी, 2023 को गोण्डा-छपरा खंड में डाउन मालगाड़ी पर कार्य के दौरान सहजनवा स्टेशन से रन थ्रू पास होने के दौरान किमी. 1018/18-20 के बीच में जर्क महसूस कर ब्रेकवान से झांक कर देखा तो उन्हें रेल फ्रैक्चर जैसा आभास हुआ, जिसकी सूचना तिवारी ने तत्काल स्टेशन मास्टर, सहजनवा को दिया। जिसकी जांच करने पर रेल में फ्रैक्चर मिला। तिवारी के तत्काल सही सूचना देने के कारण एक संभावित दुर्घटना को टाला जा सका। वाराणसी मंडल के छपरा जं0 स्टेशन पर प्रवर ट्रेन मैनेजर माल के पद पर कार्यरत श्री अफसर हुसैन के 19 जनवरी, 2023 को डाउन मालगाड़ी पर कार्य के दौरान एकमा-दाउदपुर स्टेशनों के मध्य जलने की गन्ध महसूस होने पर हॉट एक्सल की संभावना महसूस कर चालक को दाउदपुर स्टेशन पर गाड़ी रोकने के लिये कहा। दाउदपुर स्टेशन पर लोको पायलट द्वारा गाड़ी रोक कर जांच करने पर एक बैगन में हॉट एक्सल पाया गया, जिसकी सूचना तत्काल कंट्रोल को दी गयी। यांत्रिक विभाग द्वारा जांच के उपरान्त हॉट एक्सल सही पाया गया तथा उस बैगन के चक्के को बदल कर फीट दिया गया। जिससे एक संभावित दुर्घटना टाला जा सकी। इस आशय की पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर ने दी।

## जिला कारागार का निरीक्षण तथा निरुद्ध महिला बंदियों के मध्य आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के



अनुपालन मे तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दोपहर 12:30 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार निरीक्षण एवं निरुद्ध महिला बंदियों के मध्य विधिक सेवा/ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को मौलिक अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में लीगल एड काउंसिल सिस्टम के बारे में भी बताया गया। शिविर में महिलाओं को उनके मुकदमे की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने के लिए पूछा गया। सभी महिला बंदियों द्वारा बताया कि उनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित है। शिविर में जमानत के पश्चात बंध पत्र दाखिल करने में असमर्थ की स्थिति में बन्ध पत्र, प्रार्थना पत्र पर सुनवाई का अधिकार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में महिलाओं को खानपान आदि के बारे में पूछा गया सभी के द्वारा अनुकूल उत्तर दिया गया। वर्तमान में जिला कारागार में 75 महिलाएं व उनके साथ 8 बच्चे निरुद्ध हैं।शिविर में राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जितेन्द्र प्रताप तिवारी, जेलर, जिला कारागार व जेल स्टाफ एवं चंद्रपाल सिंह, डिप्टी लीगल एड काउंसिल, विपुल यादव, श्रीमती सुजाता, असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल व निरुद्ध महिला बंदीगण उपस्थित रहे।

## एंकर- यूपी के बांदा में कल रात हथियारबंद चोरों ने एक घर में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बांदा।** बेटी की शादी के लिए मैरिज हाल गए गृहस्वामी के बंद घर के ताले तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात



और नकदी पर चोरों हाथ साफ कर दिया और आधी रात को घर पहुंचे गृहस्वामी और उनके परिवार के ऊपर तमंचे से फायर करते हुए फरार हो गए ।सूचना मिलते ही मौके पर अपर एसपी पुलिस फोर्स डॉग स्क्वायड फील्ड यूनिट के साथ पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। वीओ- चोरी की यह वारदात बांदा नगर कोतवाली क्षेत्र के शंकर नगर में अंजाम दी गई, जहां कल रात अवधेश तिवारी की बेटी गायत्री की शादी थी और सभी परिवारी जन और रिश्तेदार घर में ताला डालकर कुछ दूरी पर स्थित एक मैरिज हाल में गए थे। रात तकरीबन 2 बजे गृह स्वामी दीपक तिवारी और उसके कुछ रिश्तेदार घर वापस पहुंचे जहां पहले से ही चोर मौजूद थे छत पर हथियारबंद चोरों को देखकर पीड़ित परिवार ने उन्हें घेरने की कोशिश की, जिस पर तीनों चोरों ने उनके ऊपर तमंचे से फायरिंग की और फरार हो गए। पीड़ित गृहस्वामी के मुताबिक चोरों ने उनके घर में रखा हुआ तकरीबन ढाई लाख का जेवर और ? एक लाख नगद साफ कर दिया । सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल भारी फोर्स के साथ अपर एसपी लक्ष्मीनिवास मिश्र और डॉग स्क्वायड फील्ड यूनिट पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र का कहना है कि फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट मौके पर जांच कर रही है जल्द ही आरोपी चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। बाईट-1- दीपक तिवारी - पीड़ित गृहस्वामा बाईट-2- देवदत्त त्रिवेदी- पीड़ित रिश्तेदार बाईट-3- लक्ष्मीनिवास मिश्र-अपर एसपी।

## मैहर माता शारदा के दरबार पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीएम शिवराज, किए पूजा-अर्चना

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज मैहर पहुंचे त् इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह



चौहान उनके साथ रहे त् भाजपा के दोनों दिग्गज नेताओं के मैहर आगमन पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी एवं उनके समर्थकों ने अगवानी करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया त् तत्पश्चात अमित शाह ने मैहर वाली माँ शारदा देवी धाम पहुंचकर विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की और माता के चरणों में माथा टेककर देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की त् मां शारदा के पूजन के पश्चात गृह मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे जहां पर उन्होंने दोपहर का भोजन ग्रहण किया, तत्पश्चात अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए हेलीकॉप्टर द्वारा सतना प्रस्थान कर गए । खजुराहो से पहुंचे मैहर जानकारी के तहत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बाई एयर खजुराहो पहुंचे, जहां से हेलीकाप्टर द्वारा मैहर के हेलीपैड में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ पहुंचे हैं। हेलीपैड पर प्रदेश शासन के मंत्री और अधिकारियों ने उनका स्वागत किए। इसके बाद श्री शाह सीधे शारदा माता मंदिर के लिए रवाना हो गए। जहां पूजा-अर्चना करने के बाद रेस्ट हाउस में कुछ समय के लिए रुके। सतना में आयोजित कार्यक्रम में ले रहे हिस्सा दरअसल गृह मंत्री अमित शाह सतना को मेडिकल कॉलेज की सौगात देने के लिए शुक्रवार को विंध्य के दौरे पर पहुंचे हैं। जहां सतना में नव निर्मित मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण कर रहे हैं। सतना के लिए लगभग 600 करोड़ के विकास की उपलब्धि वहीं कोल समाज के विराट सम्मेलन को भी वे संबोधित कर रहे हैं। श्री शाह सुभाष चंन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज चालू करके डॉक्टर की पढ़ाई की शुरूआत कर रहे, जिससे ज्यादा से ज्यादा यहां के युवाओं को डॉक्टर की पढ़ाई करने का मौका मिल सके। यह विंध्य क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि है।र्ँ सुरक्षा के साथ-साथ यह सुरक्षा रही सतना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की कमान रीवा रेंज के डीजीपी के पीछे कोटेश्वराओ संभाल रहे हैं उनके साथ छह डीआईजी 14 आईपीएस 35 एडिशनल एसपी डीएसपी 100 इंस्पेक्टर और एसएएफ की 20 कंपनियों के जवानों समेत 5000 पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## ओयो होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने सेक्टर 41 में चल रहे देह व्यापार के अनैतिक धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां से होटल



के मैनेजर सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर 7 महिलाओं को रेस्क्यू किया है। होटल से सेक्सवर्धक दवाइयां व आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। गरम गोश्त के इस धंधे का सरगना और उसकी पत्नी की पुलिस तलाश कर रही है। एसीपी प्रथम रजनीश वर्मा ने बताया कि बीती रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर 41 के जे ब्लॉक में चल रहे प्रीमियम ओयो होटल में देह व्यापार का धंधा हो रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने थाना सेक्टर 39 प्रभारी अजय चाहर व पुलिस बल के साथ उक्त होटल पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे से 7 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने मौके से होटल के मैनेजर गजेंद्र कुमार पुत्र कुंवर पाल, कर्मचारी प्रवीण पुत्र रणधीर सिंह, धर्मेंद्र पुत्र भुवनेश्वर सिंह व एक ग्राहक आलोक पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी बरौला को गिरफ्तार कर लिया। ओयो होटल की तलाशी लेने पर यहां से आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। एसीपी ने बताया कि दिल्ली निवासी साहिल ने करीब एक माह पूर्व इस ओयो होटल को 40 हजार रूपये प्रतिमाह किराये पर लिया था। साहिल व गजेंद्र इस होटल में अनैतिक रूप से देह व्यापार का धंधा चला रहे थे। होटल आने वाले ग्राहकों को ऑन डिमांड पर महिलाएं उपलब्ध कराई जाती थी। पकड़े गए आरोपियो ने बताया कि वह होटल आने वाले ग्राहकों को मोबाइल फोन में महिलाओं की फोटो दिखाते थे। ग्राहक द्वारा महिला पसंद करने पर उसी महिला को बुलाया जाता था। ग्राहकों से आने वाले पैसों को साहिल अपनी पत्नी शिवानी के पेटीएम अकाउंट में ट्रांसफर करवाता था एसीपी ने बताया कि फरार साहिल व उसकी पत्नी की तलाश की जा रही है। बता दें कि शहर में एक दो नहीं बल्कि हजारों की संख्या में अवैध रूप से ओयो होटल संचालित हो रहे हैं। अधिकतर होटलों में बकायदा देह व्यापार का धंधा चल रहा है।

## रीवा सीधी टनल में हुआ बड़ा हादसा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** मध्यप्रदेश के सीधी में दर्दनाक हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। जबकि करीब 50 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से 39 घायलों को रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद सीएम शिवराज सिंह रात में ही पहले



घटना स्थल पहुंचे और फिर रीवा मेडिकल कॉलेज जाकर वहां भर्ती घायलों का हाल जाना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2-2 लाख रुपए और साधारण घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। उन्होंने ये भी कहा कि मृतकों का कोई आश्रित ऐसा है जो शासकिय सेवा में लिया जा सकता है, तो उसकी योग्यता अनुसार उसे सरकारी सेवा में लेने का काम भी करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी हादसे पर दुख जताया है। हादसा मोहनिया टनल के पास बरखड़ा गांव के नजदीक शुक्रवार रात करीब 9 बजे हुआ है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीन बसों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो बसें खाई में गिर गई, जबकि एक बस सड़क पर पलट गई। ट्रक का टायर फटने से ये हादसा हुआ है। जिन बसों को ट्रक ने टक्कर मारी वे सतना में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम से लौट रही थीं। रात करीब 9 बजे बरखड़ा गांव के पास ट्रक ने 3 बसों को टक्कर मार दी। दो बसें खाई में जा गिरी, जबकि एक बस सड़क पर पलट गई। जान गंवाने वाले 13 लोगों में से 8 डेड बॉडी चुरहट के अस्पताल में, 4 रीवा मेडिकल कॉलेज में और एक शव सीधी जिला अस्पताल में रखा गया है। शिवराज ने घटना स्थल पर हालात का जायजा लिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रात में ही घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया और अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। उनके साथ प्रदेश भाजपाध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहे। इससे पहले सीधी कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंचे, वे अस्पताल भी गए। सीधी सांसद रीति पाठक भी मौके पर पहुंची। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रात में ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रात में ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। शिवराज ने जाना घायलों का हाल घटना स्थल के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान सीधे रीवा के संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों का हाल जाना। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया।

## 10वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक आर्चरी प्रतियोगता का हुआ शुभारम्भ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** 10वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक आर्चरी प्रतियोगता 2023 का आयोजन 33वीं वाहिनी पीएसी झाँसी के तीरंदाजी मैदान में सह आयोजक सेनानायक 33वीं वाहिनी पीएसी के.पी. यादव की अगुवाई में मुख्य अतिथि जोगेंद्र कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र जनपद झाँसी एवं राजेश एस0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद झाँसी की उपस्थिति में 10वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक आर्चरी प्रतियोगता 2023 का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम सह आयोजन सचिव/ सेनानायक द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम टीमों का परिचय प्राप्त कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में भाग



ले रही उत्तर प्रदेश पुलिस के 8 जोन की टीम तथा पीएसी के तीन जोन की टीम, कुल 11 टीमों द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया गया मुख्य अतिथि द्वारा टीमों का मान प्रणाम ग्रहण किया गया। इस प्रतियोगिता में आगरा जोन, बरेली जोन, गोरखपुर जोन, कानपुर जोन, लखनऊ जोन, मेरठ जोन, प्रयागराज जोन, वाराणसी जोन एवं पीएसी मध्य जोन, पीएसी पश्चिमी जोन, पीएसी पूर्वी जोन के टीम मैनेजर क्रमशः उप निरीक्षक स्वतंत्रदेव, उप निरीक्षक सतीश कुमार, उप निरीक्षक कोलाहल यादव, उप निरीक्षक निहाल सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक हृदयराम, उप निरीक्षक विनोद त्यागी, उपनिरीक्षक शिवजी त्रिपाठी, विनय यादव, वकील सिंह, अंकित कुमार व शिव नारायण राजपूत उपस्थित रहे। सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व नियमों का पालन करने, सच्ची खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि द्वारा 10वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक आर्चरी (महिला/पुरुष) प्रतियोगता 2023 के शुभारंभ की घोषणा की एवं रंग बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़े, उसके उपरांत तीर चला कर प्रतियोगिता को शुरू किया गया। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सेनानायक द्वारा मुख्य अतिथि को महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर श्वेता कुमारी पुलिस उपाधीक्षक जनपद झाँसी, डॉ0 कर्ण सिंह यादव (सहायक सेनानायक 33वीं बटा0), देवनारायण यादव (सहायक सेनानायक 42वीं बटा0) , सूबेदार सैन्य सहायक अरविन्द कुमार राय, सहायक शिविरपाल हरिओम तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

